रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 21 मई 2024, वर्ष-25, अंक-108, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

पेज 09



केंद्र में हैट्रिक, ओडिशा में भाजपा का पहला सीएम

सेंसेक्स
74,005.94 +342.22

डॉलर
83.300 +0.003

रांची सर्राफा
10 ग्राम 73,500
01 किलो 96,500

आज के मैच

समय : 7:30 बजे से
स्थान : अहमदाबाद




# सूबे की तीन सीटों पर 63 प्रतिशत मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। मतदानकर्मी इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए मतदान केंद्रों से वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न मतदान का अनुमानित वोट प्रतिशत 63 रहा है। उसमें सबसे अधिक अनुमानतः 64.32 प्रतिशत मतदान हजारीबाग में हुआ है। वहीं चतरा में मतदान प्रतिशत 62.96 रहा है। जबकि, सबसे कम 61.86 प्रतिशत मतदान कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

दूसरी ओर कोडरमा लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में वोट प्रतिशत 68.26 रहा है। खास बात यह है कि इन तीनों सीटों के नक्सल प्रभावित इलाकों में भी बंपर वोटिंग हुई। बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा, बिरनी, पीरटांड़ जैसे प्रखंड में नक्सलियों का बड़ा प्रभाव रहा है, लेकिन, इस बार इन जगहों पर भी 60 से 65 फीसदी वोट डाले गए हैं। उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा शाम पांच बजे तक का है। कुछ जगहों पर शाम पांच बजे के बाद भी मतदान की प्रक्रिया जारी थी। पोस्टल बैलट आदि की संख्या जुड़ने के बाद वोट प्रतिशत कुछ बढ़ेगा। वह सोमवार को निर्वाचन सदन में पुलिस मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर रहे थे। सीईओ रवि कुमार ने बताया कि मतदान के दौरान तीनों संसदीय क्षेत्रों से जुड़े सात जिलों में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सात मामले दर्ज किये गये हैं। उसमें पलामू में 2, लातेहार में 2, हजारीबाग में 2 और गिरिडीह में एक एफआइआर हुआ है। कहा, राज्य में चुनाव लड़ रहे 244 उम्मीदवारों पर 66 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं एक-दो जगहों पर छिटपुट विवाद को छोड़ कहीं से किसी बड़ी घटना की सूचना नहीं है।

## प्रत्याशियों ने किया मतदान, लोगों से मिल वोटिंग के लिए किया प्रेरित



बाबूलाल मरांडी



जेपी पटेल



मतदाताओं से मिलती रहीं गांडेय उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना।



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने किया मतदान।



वोट डालने पहुंची बुजुर्ग महिला।



पत्नी संग सीपी चौधरी ने डाला वोट।

### 44 हजार जवानों की थी तैनाती : होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शातिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्धसैनिक बल और झारखंड पुलिस के कुल 44 हजार जवानों की तैनाती की गयी थी। तीनों लोकसभा क्षेत्रों की सीमा तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ से जुड़ने के कारण संबंधित राज्यों से समन्वय बनाते हुए सीमा पर लगातार चौकसी की गयी। नक्सली गतिविधियों को पूरी तरह बाधित किया गया और लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टी के वापस लौटते वक्त भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। पुलिस के वरीय अधिकारी फील्ड में बने हुए हैं।

## एक नजर

### गुजरात में चार आईएसआईएस आतंकी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। गुजरात एटीएस ने चार आईएसआईएस के आतंकियों को गिरफतार किया है। एटीएस ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से चार आईएसआईएस आतंकियों को अपने गिरफ्त में लिया है और आगे की पूछताछ जारी है। चारों आतंकी श्रीलंका के नागरिक हैं और उनके आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े होने की आंशका जताई जा रही है।

### सभी 14 सीटें और गांडेय जीत रही एनडीए : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य की तीन लोकसभा सीट एवम गांडेय विधानसभा उप-चुनाव संपन्न होने पर राज्य की जनता का आभार जताया है।उन्होंने कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगा। गांडेय विधानसभा उप-चुनाव में भी एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि 400 पार का लक्ष्य एनडीए के लिए कठिन नहीं है।

## आज कल




## इब्राहिम रईसी के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर शोक जताया और कहा कि दुख की घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने ईरानी नेता के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी के दुखद निधन से उन्हें गहरा दुख और झटका लगा है। उनके परिवार और ईरान के लोगों को मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की घड़ी में ईरान



के साथ खड़े हैं।" विदेश मंत्री ने पोस्ट किया: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के निधन की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा। उनके परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम इस त्रासदी के समय ईरान के लोगों के साथ पूरी तरह खड़े हैं।

## गढ़वा की ऋतविका को आईएफएस में देशभर में मिला पहला स्थान

**पलामू।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इंडियन फॉरेस्ट सर्विस परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें गढ़वा प्रखंड के कुंडी गांव निवासी विजय पांडेय की पुत्री ऋतविका पांडेय ने देशभर में पहला स्थान हासिल कर प्रदेश और जिले का मान बढ़ाया है। वहीं दूसरे स्थान पर प्रतीक्षा नानासाहब काले, तीसरे स्थान पर स्वास्तिक यदुवंशी, चौथा स्थान पर पंडित शिरीन संजय व पांचवां स्थान पर विधांशु शेखर झा हैं। छठा स्थान रोहन तिवारी, सातवां काव्या वाई एस, आठवां आदर्श जी, नौवां पंकज चौधरी व दसवां स्थान शशांक भारद्वाज को मिला है। दूसरे स्थान पर रहने वाली प्रतीक्षा नानासाहब काले महाराष्ट्र



*वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों पर काम करना चाहती हैं ऋतविका*

की रहने वाली हैं और वर्तमान मेलघाट टाईगर प्रोजेक्ट में सहाक वन संरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं टॉपर ऋतविका पांडेय ने कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सामाजिक विकास, प्रदूषण और उभर रहीं वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों पर काम करना चाहेंगी। आयोग के नोटिफिकेशन के अनुसार भारतीय वन सेवा परीक्षा 2023 के लिए इंटरव्यू 22 अप्रैल से 1 मई 2024 आयोजित किया गया था। परीक्षा के कुल 150 रिक्तियां थीं इसमें कुल 147 प्रतिभागियों को भारतीय वन सेवा के पदों पर नियुक्ति करने की अनुशंसा की गई है। इसमें 43 उम्मीदवार सामान्य वर्ग, 20 ईडब्ल्यूएस, 51 ओबीसी, 22 एससी, 11 एसटी वर्ग के उम्मीदवार हैं। ऋतविका पांडेय पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा प्रखंड के कुंडी गांव निवासीविजय पांडेय की पुत्री हैं।

## 5वें चरण का मतदान समाप्त 428 सीटों पर चुनाव संपन्न

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान सोमवार शाम समाप्त हो गया। इसके साथ ही लोकसभा की 428 सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुका है। इससे पहले हुए चार चरणों में 379 सीटों पर चुनाव हुआ था। पांचवें चरण में 49 संसदीय क्षेत्रों में मतदान हुआ। इस चरण में उत्तर प्रदेश की लखनऊ, रायबरेली और अमेठी व महाराष्ट्र में नॉर्थ मुंबई, साउथ मुंबई जैसी चर्चित सीटों पर चुनाव हुआ। पांचवें चरण में शाम 5 बजे तक 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव आयोग की ओर से अभी अंतिम आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं। इस चरण में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ रहे थे। वहीं अमेठी सीट से स्मृति ईरानी चुनाव लड़ रही हैं। यहां शाम 5 तक 52.68 प्रतिशत मतदान रहा। उत्तर प्रदेश की ही कैसरगंज सीट की बात करें तो यहां आंकड़े आने तक 53.92 प्रतिशत मतदान रहा। 5वें चरण में जिन 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान हुआ, उनमें बिहार, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल शामिल रहे।

**वोटिंग से रोकने के लिए हावड़ा के हाउसिंग कंपलेक्स में बमबारी:** पांचवें दौर के मतदान के दौरान पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के बेलूर स्थित वृन्दावन आवासीय परिसर पर 10-12 अपराधियों ने धावा बोल जमकर बमबाजी की और निवासियों पर वोट नहीं देने को कहा।

## इंडिया



सुनील बादल

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## आग बरसाती गर्मी भविष्य की गंभीर चेतावनी और खतरा भी

दो दिनों से दिल्ली-एनसीआर में आसमान से आग बरस रही है। दिन के समय लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रही है। रविवार को दिल्ली का पारा 44 डिग्री को पार कर सामान्य से चार डिग्री अधिक दर्ज किया गया। यह सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं जताई है। विभाग ने दिल्ली में अगले दो दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से दो डिग्री अधिक है। दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा मंगेशपुर और पीतमपुरा का तापमान भी 47 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। रविवार को आसमान साफ रहा। दिल्ली के अधिकांश स्थानों पर लू चली। जबकि कुछ स्थानों पर भीषण लू चली। मौसम विभाग ने



सोमवार को आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। कई स्थानों पर लू की स्थिति रहेगी, जबकि कुछ स्थानों पर भीषण लू की स्थिति बन सकती है। दिन में तेज 25-35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति हवाएं चल सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।मौसम विभाग की माने तो दिल्ली में 21 मई तक रेड अलर्ट की स्थिति बनी रहेगी। उसके बाद उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चल रही हवाओं की दिशाओं में बदलाव हो सकता है जिससे कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि तापमान में ज्यादा सुधार नहीं होगा, लेकिन 24 मई से एक बार फिर तापमान बढ़ सकता है। आशंका है कि तापमान बढ़कर 45 डिग्री को पार कर जाएगा।

### दो साल बाद मई में सबसे गर्म दिन

**मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दिल्ली का पारा साल 2022 के बाद सबसे गर्म रहा। इससे पहले 16 मई 2022 को दिल्ली का तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग की माने तो मई माह में अभी 12 दिन शेष हैं। ऐसे में आशंका है कि इस बार मई माह में तापमान 47 डिग्री को छू सकता है। दिल्ली में रविवार को तीन इलाकों में पारा 47 से अधिक दर्ज किया गया है। सिर्फ एसी में रहने वाले लोग यदि यह सोचें कि वे तो सुखी हैं यह उचित नहीं भीषण गर्मी में खुली जगहों में काम करने वाले और पशु पक्षियों के साथ खेती पर भी इसका बहुत प्रतिकूल असर पड़ता है।**

## प्रियंका कल आएंगी झारखंड गोड्डा और रांची में जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (झारखंड)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी 22 मई को झारखंड आएंगी। वे पहले इंडी अलायंस के प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में गोड्डा में जनसभा करेंगी। इसके बाद वे रांची में इंडी अलायंस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में लोवाडीह में जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि प्रियंका की जनसभा में राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी पहले 21 मई को रांची आने वाली थीं लेकिन किसी कारणवश अब



*रांची लोकसभा सीट पर छठे चरण में 25 मई को वोट डाले जाएंगे।*

वो 22 मई को आएंगी। रांची लोकसभा सीट पर छठे चरण में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। यहां यशस्विनी सहाय का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ से है। गोड्डा में एक जून को वोटिंग है। यहां इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे से है।

## एक नजर

### लूट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मांडर।** पुलिस ने चोरी में संलिप्त अल्फाज अंसारी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया टांगरबसली निवासी अल्फाज ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर बीती रात को टांगरबसली नवाटांड़ रोड में सियारपतरा के समीप परयागो से शादी समारोह से लौट रहे अजय उरांव से मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया था। लूटपाट के क्रम में ही भागने के दौरान अजय उरांव के पीछे आ रहे अन्य साथी वहां पहुंचे जिन्होंने खदेड़कर अल्फाज अंसारी को पकड़ लिया। जबकि उसके चार साथी वहां से भाग निकलने में सफल रहे। पकड़े गये अल्फाज ने लूट की घटना में शामिल अपने अन्य साथियों की जानकारी पुलिस को दी है जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।0

### सड़क हादसे में युवती घायल

**मांडर।** एनएच मुख्य पथ पर स्थित मुड़मा गांव के निकट सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में पच्चीस वर्षीय सोनी परवीन और उनका सात माह का बच्चा घायल हो गया। वहीं इस हादसे में सड़क पर गिरने से मुड़मा निवासी बाइक सवार अठारह वर्षीय अनीस अंसारी को भी गंभीर चोटें आयी है। बताया जाता है कि चान्हो के सोनचीपी गांव की रहने वाली सोनी परवीन अपने सात माह के बच्चे शिफान अंसारी को गोद में लेकर ऑटो से उतरने के बाद सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट मुड़मा से मांडर की ओर जा रहे बाइक सवार अनीस अंसारी ने उन्हें धक्का मार दिया। तीनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### डॉ परमेश्वर भगत शिक्षकों की अगुवाई करते हुए मुख्यमंत्री से मिले

**रांची।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिले एवं रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों के इंटर प्रभाग में छात्रों का नए सत्र 2024-26 में नामांकन के संबंध में ज्ञापन सौंपा। मैट्रिक के परीक्षा फल प्रकाशन के बाद नए छात्रों का इंटर प्रभाग में नामांकन की अनिवार्यता समय की मांग है, क्षेत्र की आवश्यकता है और राज्य व्यापक शैक्षणिक हित का गंभीर मामला है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पत्रांक जैक के तहत बैठक कर निर्णय लिया है कि अगले दो-तीन सालों के पश्चात इंटरमीडिएट शिक्षा को पूरी तरह पृथक किया जाएगा तथाचरणबद्ध तरीके से सीटों की संख्या कम करते हुए अलग किया जाएगा। परंतु रांची विश्वविद्यालय ने इस आदेश को पहले 20 अप्रैल 2024 को पत्रांक 3) आरयू/ डीएसडब्ल्यू 690/24 जारी कर नामांकन लेने के लिए आदेश निर्गत किया था।

भूमिगत खदान में धधकते अंगारे पर बसा है करकट्टा खिलानधौड़ा

# जोखिम में है करकट्टा : विश्रामपुर की आबादी, कभी भी हो सकती है जमींदोज



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर व तुमांग पंचायत में बसी करकट्टा तथा खिलानधौड़ा की आबादी बंद भूमिगत खदान में धधकते अंगारे पर बसी है। जोखिम यह है कि कभी भी ये बस्तियां जमींदोज हो सकती हैं। बंद भूमिगत कोयला खदान को खुली खदान में बदलने के प्रयास के बाद से स्थिति भयावह हो गई है। यहां पहले से भूमिगत कोयला खदान चलाया गया था। चुकि भूमिगत खदान चलाने के बावजूद नीचे काफी कोयला था। इसलिए आउटसोर्सिंग के तहत वर्ष 2014 में यहां ओपनकास्ट खदान खोल दिया गया। खुला खदान लगभग ढाई साल ही चल पाया। एग्रीमेंट समाप्त होते ही कंपनी खदान को उसी हाल में छोड़कर चली गई। करीब आठ साल से उसी हाल में खदान बंद पड़ा है। दो साल की खुदाई में कुछ कोयला तो निकल पाया परंतु नुकसान यह हुआ कि कोयले का जो फेस बंद था वह खुल गया और हवा के संपर्क में आ गया। कोयले के फेस में आग लग गई और अंदर अंदर तेजी से दहकने लगी। करीब आठ साल में अरबों रूपए कीमत का कोयला जलकर खाक हो गया। खिलानधौड़ा बस्ती में कुल 150 मकान हैं, जहां करीब 1200 की आबादी रह रही है। सभी खतरे में है। आग करीब तीन किमी के दायरे में फैली हुई है। इन इलाकों के पेड़ पौधे भी मर चुके हैं। रात के अंधेरे में बंद खदान के अगल बगल नीले पीले लौ में आग जलती दिखाई देती रहती है। पूरे क्षेत्र में दमघोटू गैस फैला रहा है। स्थानीय लोग इसके अभ्यस्त हो गए हैं। हालांकि, इस खतरे को लेकर सीसीएल प्रबंधन सशंकित है। केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह ने बताया कि संभावित खतरे को देखते हुए इसकी जानकारी राज्य सरकार को दी गई है। बस्ती के लोगों को खतरे से आगाह किया गया है। प्रबंधन ने हाउस कंपनसेशन प्लान के तहत ग्रमीणों को जमीन खाली करने को कहा है। जमीन खाली करनेवाले रैयतों को मुआवजा देने का भी प्राविधान है।

### सैनिक स्कूल में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन कई टीम जीते मैच

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल तिलैया में चल रहे अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट 2024 के चौथे दिन भी खेल प्रतिस्पर्धा जारी रही। रविवार के सुबह आयोजित खेलों में बालक वर्ग के जूनियर वर्ग में कपूरथला पंजाब और ईस्टसियांग अरुणाचल प्रदेश में मैच खेला गया। इसमें ईस्टसियांग ने 3-0 से पटखनी दी। जूनियर बालक वर्ग में ही कोरूकुंडा आंध्र प्रदेश और चित्तौड़गढ़ राजस्थान के बीच मैच खेला गया। इसमें कोरुकुंडा ने चित्तौड़गढ़ को 3-2 से हराकर इस जीत को हासिल किया। जबकि बालिका वर्ग में-ईस्टसियांग अरुणाचल प्रदेश और घोड़ाखाल उत्तराखंड के बीच मैच खेला गया।

# सात युवकों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची / दुमका**
नगर थाना क्षेत्र के युवक को अपहरण कर घर में बंधक बनाकर मारपीट करने एवं पानी मांगने पर जबरन पेशाब पिला देने के मामले में जमीन कारोबारी जयपाल राउत उर्फ शिशुपाल राउत समेत सात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। मामले में आरोपित जमीन कारोबारी जयपाल राउत उर्फ शिशुपाल राउत, भाई शंभू राउत उर्फ ठेकू, चिंटू हरि, मंटू ओझा, संजय चालक, आदित्य चौरसिया एवं आनंद प्रकाश के खिलाफ नगर थाना में मामला दर्ज हुआ। पुलिस प्राथमिक दर्ज कर जांच में जुट गई है। यह कार्रवाई पीड़ित विपिन यादव की पत्नी शीला देवी के बयान पर नगर थाना की पुलिस ने दर्ज की है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दिए आवेदन में शीला देवी ने आरोप लगाया है कि विगत 11 मई 2024 को शिशुपाल के सहयोगी चिंटू हरि ने अपने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर विपिन यादव को पीटा और स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर महुआडंगाल स्थित शिशुपाल राउत के घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया, जहां उसके पति के साथ मारपीट की गई। पति ने जब कारोबारी से पीने के लिए पानी मांगा तो कारोबारी ने उसे जबरन पेशाब पीला दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं लोहे के रड से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। पूरे वारदातों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया था। वायरल के फुटेज में यह बात कहते हुए पाया गया कि जिस तरह से ललन झा को काटा था, उस तरह से तुम्हें भी काटेंगे।

**मामले की तफ्तीश के बाद ही होगी कोई कार्रवाई**

मुफस्सिल थाना पुलिस ने पूरे मामले की गहन छानबीन की और बाद में युवक विपिन यादव को बॉंड भरवाकर 48 घंटे के अंदर छोड़ दिया था। इस मामले में मुफस्सिल थाना की पुलिस का कहना था कि पूरे मामले की तफ्तीश के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी। एक सप्ताह के बाद पीड़ित की पत्नी ने नगर थाना की पुलिस को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# रोहिणी हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ अखंड हरिकीर्तन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रोहिणी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंडित कमलाकांत मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से पूजा कराया। कालोनी की महिलाओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की। स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय कीर्तन मंडली बिजुपाड़ा द्वारा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन किया गया। कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत कीर्तन भजन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रभु प्रसाद, मोहन पांडेय, किशोरचंद देवूरी, संजय प्रसाद, नरेश प्रसाद, राजनाथ सिंह, रंजन सिंह, कामेष्वर ठाकुर, राकेश कुमार, बनानी मंडल, अक्षय सिंह, पंकज सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## जेएसएसपीएस के वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम पेरू रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम यूथ वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग प्रतयोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय दल के साथ सोमवार को पेरू (साउथ अमेरिका) के लिए रवाना हो गए। इस तरह के महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने बाले बाबूलाल हेम्ब्रम झारखंड के पहले वेटलिफ्टर हैं, जो वर्ष 2018 से जेएसएसपीएस अकादमी में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पेरू (साउथ अमेरिका) में 22 मई से 26 मई तक आयोजित यूथ वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम अंडर 17 आयुवर्ग के 49 किलोभार में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की तैयारी के लिए पटियाला में पांच मार्च 2024 से भारतीय कैंप का आयोजन किया गया था। वहां अंतरराष्ट्रीय एवं ओलंपिक से संबंधित प्रतियोगिता को ध्यान में रखकर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। जेएसएसपीएस, जिसका सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और झारखंड राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालन किया जा रहा है, का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। वर्तमान में इस खेल अकादमी में कुल 338 प्रशिक्षु हैं, जिन्हें कुल 11 खेल विधाओं जैसे वेटलिफ्टिंग, साइकिलिंग, मुक्केबाजी, कुश्ती आदि में निपुण प्रशिक्षकों के जरिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 28 दिसंबर 2023 से आठ जनवरी 2024 तक इटानगर में आयोजित राष्ट्रीय यूथ, जूनियर और सीनियर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

## चुनाव को लेकर चैंबर के सदस्यों से मिले भाजपा के कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शहर के प्रबुद्धजन एवं विभिन्न संस्थाओं के साथ विमर्श के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा गठित संपर्क समिति के सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कुणाल अजमानी के नेतृत्व में चैंबर भवन में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने शहर के व्यापारियों व उद्यमियों को बीजेपी के पक्ष में मतदान करने तथा संसदीय क्षेत्र के अन्य सभी मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए व्यापारियों के स्तर से ग्राहकों को विशेष छूट का लाभ देने को भी उपयुक्त बताया गया। रांची संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने उन्हें झारखंड चैंबर द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि चैंबर द्वारा अपने सभी सम्बद्ध संस्थाओं को पत्राचार कर अपने सदस्यों को अपने परिवार एवं कर्मियों सहित मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच डुमारो पंचायत के 3204 मतदाताओं ने किया मतदान



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड की सीमा से सटे डुमारो पंचायत (लातेहार जिला) में सोमवार को लोकसभा चुनाव का मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। डुमारो पंचायत मे कुल 3204 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निंद्रा मिडिल स्कूल में बने मतदान केन्द्र संख्या 347 पर कुल 701 मतदाता हैं। जिसमे 467 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 66 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि ढोटी स्थित बूथ संख्या 342 पर 646 लोगों ने, काली बुथ संख्या 343 पर 598, डुमारो बूथ संख्या 344 में 478, बूथ संख्या 345 में 489 तथा बैलगाडा बूथ संख्या 346 में 526 लोगों ने वोट डाले। मतदान संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मतदान को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। सुबह से ही मतदान केंद्रो पर मतदाताओं की कतार लग गई थी। बूथ संख्या 347 में ईवीएम मशीन के तकनीकी कारण से एक घंटे देर से मतदान शुरू हुआ। सुबह कतार में लगी महिला मतदाता कतार में ही बैठ कर इंतजार करती दिखी। दरअसल मतदानकर्मी को ईवीएम की सही समझ नहीं होने से ऐसा हुआ।

**भारी तबाही मचाई** | भीषण आंधी में उड़ा दर्जनों लोगों का आशियाना, भारी नुकसान

# विशालकाय पेड़ गिरने से एक मवेशी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड क्षेत्र के ककरिया पंचायत के ककरिया, खटंगा सरनाटोली एवं चम्पाडीह के डाड़टोली में सोमवार को दोपहर बाद हुई बारिश के साथ भीषण आंधी ने भारी तबाही मचायी। ककरिया निवासी किसान गोबरा उरांव के घर के पास एक साथ आंधी और वज्रपात की घटना से आम का एक विशालकाय पेड़ गिरकर धराशायी हो गया। जिसमें दबकर गोबरा उरांव का एक मवेशी की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। मवेशी की मौत होने पर भुक्तभोगी किसान गोबरा उरांव ने कहा कि मवेशी के मौत होने पर उसे काफी नुकसान हुआ है। उसने मुवावजे को लेकर मुखिया से गुहार लगाई। वहीं ककरिया के नाजिर खान, राजेन्द्र बैठा, सरनाटोली के पतरस खलखो, करमा लोहरा, नंदलाल उरांव, तेंबू उरांव तथा कोलेस्टिका खलखो के घरों का छप्पर तेज आंधी की चपेट में आकर हवा में तिनके की तरह उड़ गए। पतरस खलखो ने हाल ही में अपना नया घर बनाया था। लेकिन भीषण आंधी के कारण उसके घर का छप्पर पूरी तरह उड़ गया। जबकि करमा उरांव के घर का छप्पर उड़ने से पूरे परिवार वाले भारी सदमे में हैं। तेंबू उरांव के घर में अब रहने लायक जगह नहीं था इसलिए उधार लेकर रात में ही एस्बेस्टस खरीद कर लाया और रहने लायक बनाने की जुगाड़ में जुटा था। सरना टोली के अलावे चम्पाडीह डांड़टोली में भी कई गरीब किसानों के घरों के छप्पर उड़ने की खबर मिली है।

**पेड़ गिरने से बिजली के तार टूटे, विद्युत बाधित**

11 हजार वोल्ट लाईन पर पेड़ के गिरने से बिजली के तार टूटकर गिर गए। जिससे विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। भयंकर आंधी की खबर मिलते ही मुखिया बिरसमुणी देवी व समाजसेवी शिव कुमार सिंह तथा बिपिन कुमार जयसवाल ने प्रभावित इलाके का दौरा किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त घरों के नुकसान का जायजा लिया तथा गोबरा उरांव के घर भी भी पहुंची जहां विशाल का आम का पेड़ गिरने से उसमें दबकर एक मवेशी की मौत हो गई थी। मुखिया बिरसमुणी देवी ने आश्वासन दिया कि चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा।

### गिरिडीह की जनता जेएमएम की चाल को समझ गई है : सुदेश महतो

**गिरिडीह।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश को आगे ले जाने के लिए है। यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। लेकिन जो लोग गिरिडीह की जनता को बरगला रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए की उनका प्रधानमंत्री कौन होगा। पहले उन्हें अपना प्रधानमंत्री का नाम बताना चाहिए फिर जनता से वोट मांगना चाहिए था। जेएमएम को विकास की नहीं, उन्हें कोयले में हिस्सेदारी की चिंता है। सुदेश कुमार महतो सोमवार को गिरिडीह लोकसभा के डुमरी नवाडीह के पिलपिलो उपरघाट में संगठन के सक्रिय कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में सहयोगी भाजपा के कार्यकर्ता और आजसू के ग्राम प्रभारी तथा पंचायत प्रभारी संयुक्त रूप से शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### सुरक्षा के है पुख्ता इंतजाम, भयमुक्त वातावरण में करें मतदानः आईजी




**दुमका।** संथाल परगना प्रमंडल के सभी तीन लोकसभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को मतदान की तिथि तय है। प्रमंडल में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना निर्वाचन आयोग के समक्ष एक कठिन चुनौती है। खासकर दुमका और गोड्डा जिला का कुछ प्रखंड कुछ वर्ष पूर्व तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। वैसे तो वर्ष 2019 का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ था। इसी कड़ी में दुमका समाहरणालय स्थित एसपी सभाकक्ष में आईजी ए विजया लक्ष्मी की अध्यक्षता में पुलिस विभाग की प्रमंडल स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रमंडल के सभी 6 जिलों के एसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। आईजी ए बिजया लक्ष्मी ने सभी 6 जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दी। तीनों लोकसभा क्षेत्र दुमका, राजमहल और गोड्डा में बूथों पर सुरक्षा कर्मी की तैनाती, कर्मी को बूथ तक ले जाने की व्यवस्था, आवासन और मूलभूत सुविधा पर चर्चा की गई। हर हाल में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना प्रशासन प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर आईजी ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। ताकि लोग भयमुक्त वातावरण में घरों से निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### मंडा पूजा में बतौर अतिथि शामिल हुएः डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** विगत दिन चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम लेपसर में हर्षउल्लास के साथ मंडा पूजा मनाया गया जिसमें बतौर अतिथि शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए रूढ़ी, परंपरा, रीति-रिवाज, भाषा-संस्कृति को जीवंत रखने का संदेश दिया साथ ही मंडा पूजा देवे के देव महादेव के पूजा एवं उपासना का पर्व है उनके लिए सभी जीव समान है, सभी जीवों में शिव का निवास है। अतः सभी जाति, धर्म के लोगो को आपस में मिल जुल कर आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ जीवन यापन करना चाहिए। अंत डॉ परमेश्वर भगत ने कहा की हमे समाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनितिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है। मौके पर आस पास के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### नये ट्रांसफार्मर की मांग के लिए जीएम से मिले डॉ. परमेश्वर भगत



**मांडर।** सोमवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने चान्हो प्रखंड के कुरगा उप्पर टोली, तेतर टोली जंगल रोड, बेडो प्रखंड के जहाना टंगरा टोली, नरकोपी रेलवे कॉलोनी एवं नरकोपी बाजार टांड़ के नए ट्रांसफार्मर का मांग हेतु विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारी जीएम को ज्ञापन सौंपा। मांडर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मेनटेंनेनेस नही होने के कारण बार बार ट्रांसफर्मर जलने एवं अनेक जगह में लॉ वोल्टेज के सम्बंध में भी डॉ परमेश्वर भगत ने अधिकारी से शिकायत की और अनुरोध किया कि इन सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

### बीएयू के मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में है समेकित मछली पालन मॉडल



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला में समन्वित मछली-बत्तख-सब्जी की खेती की इकाई स्थापित की गई है। इसमें विद्यार्थियों और किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय में एक 30 डिसमिल के तालाब में मछली पालन, बांध पर ही बत्तख पालन का घर बनाकर खाकी कैंबल जाति की 40 बत्तखों का पालन किया जा रहा है। बांध पर ही पपीता, भिंडी, कद्दू, करेला सेम एवं मिर्च लगाए गए हैं। सब्जियों में भिंडी का उत्पादन आने लगा है। तालाब में प्रतिवर्ष प्रति हेक्टेयर 4300 किलोग्राम मछली का उत्पादन अनुमानित है। मात्स्यिकी महाविद्यालय के एसोसिएट डीन डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तालाब के जैविक पदार्थ युक्त पानी से सब्जियों को सिंचाई देने के कारण पौधों को अलग से खाद देने की आवश्यकता नहीं होती है। अर्थात, इस विधि में एक का बेकार अवयव दूसरे के लिए उपयोगी हो जाता है, जिससे उत्पादन लागत कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस छोटे तालाब (30 डिसमिल) से विभिन्न स्त्रोतों द्वारा प्रतिवर्ष एक लाख रुपये से अधिक का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में छोटे-छोटे तालाबों की संख्या काफी है, जिसमें मछली उत्पादन से अधिक आमदनी नहीं हो पाती है। लेकिन, इन्हीं तालाबों में समन्वित मछली सह बत्तख पालन एवं सब्जी की खेती की जाए, तो किसानों की आमदनी काफी बढ़ जाएगी तथा उन्हें सालों भर रोजगार भी उपलब्ध होगा। इस व्यवस्था में बत्तख के मल-मूत्र से तालाब में मछलियों के लिए भोजन का निर्माण होता है, तालाब में पाए जाने वाले कीड़े-मकोड़े. बत्तख का भोजन बनते हैं तथा बांध पर लगाई गई सब्जी फसल के पत्ते को भी मछलियों को खिलाया जाता है। इससे किसानों को मछली, बत्तख के अंडे, बत्तख के मांस और सब्जियों से आमदनी प्राप्त होती रहती है।

# सीसीएल के ट्विटर हैंडल पर हुए 20 हजार से अधिक फॉलोअर्स

*कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी और सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने दी बधाई*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @RanchiCCL ने 20,000 फॉलोअर्स का एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार कर लिया है। अब इस लोकप्रिय प्लेटफार्म 'एक्स' (ट्वीटर) पर अलग-अलग पृष्ठभूमि के 20 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। यह उपलब्धि कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि और सोशल मीडिया के माध्यम से हितधारकों के साथ जुड़ने के सीसीएल के प्रयासों का प्रमाण है। कोयला मंत्री प्रलहाद जोशी ने ट्वीट कर टीम सीसीएल को बधाई दी है। सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने इस उपलब्धि के लिए सीसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने सूचना प्रसारित करने और जनता के साथ जुड़ने में सोशल मीडिया के महत्व को रेखांकित करते हुए, कोयला उद्योग के बारे में अपडेट, समाचार और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए ट्विटर का लाभ उठाने में सीसीएल के प्रयासों की सराहना की।



विभागाध्यक्ष (सीसी&पीआर) आलोक कुमार ने सभी फॉलोअर्स का आभार जताते हुए कहा, हम हितधारकों के कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि को देखकर रोमांचित हैं। सभी फॉलोअर्स से मिले फीडबैक से प्रेरित होकर हम प्रभावी संचार हेतु नवीन तकनीकों का बेहतर प्रयोग के लिए प्रयासरत हैं। हम हितधारकों के साथ जुड़ने, जानकारी साझा करने और कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सार्थक उपयोग करना जारी रखेंगे। सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @RanchiCCL, सीसीएल से जुड़े अपडेट, समाचार प्रदान करने के लिए लांच किया गया था। यह हैंडल सीसीएल के कोयला उत्पादन, खनन संचालन, सुरक्षा पहल और कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों पर सक्रिय रूप से जानकारी साझा कर रहा है। सीसीएल हितधारकों के साथ संचार और जुड़ाव को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीएल के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और हितधारकों के साथ जुड़ाव के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ज्ञात हो कि सीसीएल के सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को मिलाकर 90 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं।

## प्राचार्यों ने रांची विवि के डीएसडब्ल्यू और कुलसचिव से की बात

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत सात माइनोरिटी कॉलेजों के प्राचार्यों ने सोमवार को करीब 1:00 बजे का मुलाकात का समय रांची विश्वविद्यालय से चांसलर पोर्टल से नामांकन संबंधित अपनी समस्याओं लेकर मांगा। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने उनकी समस्याओं को समझने के लिए डीएसडब्ल्यू और कुलसचिव को अधिकृत किया। दोनों ने विस्तार से माइनॉरिटी कॉलेजों के प्राचार्यों की सभी समस्याओं को सुना और उस पर संज्ञान लेते हुए इसके निदान के संबंध में बताया। सभी माइनॉरिटी कॉलेजों के प्राचार्य संतुष्ट हुए और कहा कि आगे विमर्श कर हम बताए गए निदानों के प्रति रचनात्मकता दिखाएंगे। उन्हें यह भी बताया गया कि नामांकन चांसलर पोर्टल से ही लेना है और अगर कोई समस्या आती हैं, तो इसका निदान रांची विश्वविद्यालय जरूर करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### लायंस रांची रोरिंग के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा बने 322-ए के रीजन चेयरपर्सन



**रांची ।** रांची रोरिंग के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा जिला 322-ए के रीजन चेयरपर्सन (आरसी) चुने गए। इसके साथ ही कैबिनेट ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर अभिषेक कुमार चुने गए।

विजेंद्र शर्मा इसके पूर्व क्लब के प्रेसिडेंट, जोन चेयरपर्सन और डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के पद पर कार्य कर चुके हैं। इस दौरान उनकी कुशल कार्यक्षमता को देखते हुए बेस्ट प्रेसिडेंट अवॉर्ड, आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट अवॉर्ड, स्टार सेक्रेटरी अवार्ड, स्टार मेंबरशिप अवार्ड और स्टार जोन अवार्ड से नवाजा जा चुका है। इनके रीजन चेयरपर्सन चुने जाने पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीमा वाजपेयी, वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजीव लोचन, माधव लखोटिया, राहुल वर्मा और सिद्धार्थ मजूमदार तथा गवर्नर इलेक्टेड शुभ्रा मजूमदार सहित अन्य क्लबों के प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी और लायंस मेंबरों ने उन्हें बधाई दी है।

### अमन साहू गैंग से निकाले गए बॉबी साव सहित पांच अपराधी

**रांची।** कुख्यात अपराधी अमन साहू गैंग के बॉबी साव सहित पांच अपराधियों को निकाल दिया गया है। अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी है। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार जारी प्रेस विज्ञप्ति में मयंक सिंह ने लिखा है कि रांची जेल में बंद गैंग के सदस्य सैफ अंसारी, जगत साहू उर्फ लकी, बॉबी साव, राजन साव और राहुल दुबे को गैंग से निकाला जा चुका है। इन लोगों के गैंग से कोई लेना-देना नहीं है। कहा गया है कि राहुल दुबे ने बिना अमन साहू के आदेश के कुजू में कोयला लिफ्टर कल्याण पांडे पर गोली चलाई थी और गैंग का पैसा गबन करके अपने निजी काम में लगाया था।

### सांसद दीपक प्रकाश ने 'फिर से मोदी की गारंटी' गाने का किया लोकार्पण

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक गायक आशुतोष द्विवेदी के नए गाने 'फिर से मोदी की गारंटी' का लोकार्पण किया। सांसद ने आशुतोष द्विवेदी और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता हैं। समाज के हर वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलने वाले नेता यदि कोई हैं, तो वे प्रधानमंत्री मोदी हैं। क्योंकि, उनका परिवार पूरा देश है और हम सब भी मोदी के परिवार हैं। गीत के प्रोड्यूसर मिशन ब्लू फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ पंकज सोनी हैं, जबकि सिंगर आशुतोष द्विवेदी हैं।

### मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान नहीं होने से बच्चे हो रहे अवसाद के शिकार : सैयद

- पाम इंटरनेशनल स्कूल में पीआईएस का चार दिवसीय काउंसलिंग कार्यशाला संपन्न

**रांची ।** बरियातू स्थित पाम इंटरनेशनल स्कूल में चार दिवसीय काउंसलिंग कार्यशाला स्कूल की शिक्षा निदेशिका डॉ सायका आलम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला में छठी से लेकर दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में मुंबई से आए मनोवैज्ञानिक, मार्गदर्शक एवं प्रशिक्षक इसरार सैयद ने बच्चों के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और शैक्षणिक पहलुओं से संबंधित समस्याओं को सुलझाने के लिए टिप्स एवं लीडरशिप का प्रशिक्षण दिया। इसरार सैयद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में यह बहुत ही जरूरी है कि हम अपनी मनोवैज्ञानिक समस्याओं को पहचान पाएं, उसका आसानी से समाधान कर पाएं और अपने नेतृत्व क्षमता को विकसित कर पाएं। जब हम अपनी मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान नहीं कर पाते हैं, तो अवसाद के शिकार हो जाते हैं। इस कारण प्रतिभा होने के बावजूद भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल नहीं हो पाते हैं।

### एकदिवसीय करियर काउंसलिंग वर्चुअल वर्कशॉप का आयोजन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल और टीसीएस के संयुक्त तत्वावधान में आगे होने वाले एटलस हायरिंग के लिए एकदिवसीय करियर काउंसलिंग वर्चुअल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें स्नातकोत्तर 2022–24 अर्थशास्त्र और गणित के विद्यार्थियों को डाटा एनालिस्ट का रोल मिलेगा और उनका सालाना पैकेज 5.3 से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होगा। इसमें स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स, इकोनॉमिक्स और प्रोग्रामिंग (स्टैटिस्टिकल डाटा एनालिसिस) से सवाल होंगे। टेस्ट और इंटरव्यू स्कोर के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को एटलस ऑफर का पोस्ट 5.3 एलपीए या एटलस प्लस का पोस्ट 8.0 एलपीए ऑफर किया जाएगा।

### शिक्षा का उद्देश्य है महान विभूतियां तैयार करना : निर्मला बहन

**रांची।** हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित आध्यात्मिक समर कैंप का सोमवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चला। इस कार्यक्रम में लगभग 130 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी में जीवन मूल्यों का विकास करना था। मौके पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, वर्तमान समय में मानव ने जीवन के सुख-सुविधाओं के वस्तुओं से स्वयं को खूब सजाया है। परंतु, आत्मिक सुख, शांति, संतोष, दया, करुणा आदि जीवन मूल्य मानव में पूर्णतः समाप्त हो चुके हैं। गुस्से द्वारा नकारात्मक वातावरण बनता है, जिससे फिर मन कमजोर हो जाता है।

### रांची के पांच विधानसभा क्षेत्रों का रेंडमाइजेशन



**रांची ।** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और उम्मीदवारों के समक्ष समाहरणालय में सोमवार को पांच विधानसभा क्षेत्रों का रेंडमाइजेशन किया गया। उपायुक्त ने एनआईसी में रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल बीयू 114, सीयू 89, वीवीपीटीएस 24 का ईवीएम का फर्स्ट सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन किया। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू वीवीपैट किस मतदान केंद्र पर भेजा जायेगा। इस दौरान वरीय नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह उप समाहर्ता भूमि सुधार सदर मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, डीआईओ राजीव कुमार एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### एक्सप्रेस ट्रेन के समय में परिवर्तन

लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से एक्सप्रेस ट्रेन के समय में परिवर्तन किया गया है। सोमवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 20 मई के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय 14:20 बजे के स्थान पर 21 मई को 12:20 बजे सूरत से प्रस्थान करेगी।

### डीपीएस रांची इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड से सम्मानित

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची को गुरुग्राम स्थित प्रसिद्ध संगठन 'करियर 360' ने शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए 'इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड 2024' से सम्मानित किया है। विद्यालय ने 'डे स्कूल कैटेगरी' के अंतर्गत एएएए+ ग्रेड प्राप्त किया है। 'करियर 360' ने विद्यालय के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन, संकाय गुणवत्ता और स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मात्रात्मक मापदंडों को देखते हुए यह सम्मान दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को विद्यालय के शैक्षणिक निर्माण में अपना योगदान देने के लिए बधाई दी है।

## उपायुक्त ने किया पांच अपराधियों को जिला बदर

**रांची।** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की अनुशंसा पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को पांच अपराधियों को जिला बदर और आठ अपराधियों को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार जिला बदर किए गए अपराधियों में आनंद वर्मा, बलिराम साहू, विजय सिंह उर्फ गेंदा सिंह, संदीप प्रधान उर्फ संदीप थापा और राजीव कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा शामिल हैं। आठ अपराधियों आकाश कुमार गुप्ता, कारो पाहन, छोटू लोहरा, मनमोहन लोहरा, अभिषेक शर्मा, मो मुस्तफा उर्फ डुडू, अनिल कुमार सिंह और सुभाष साहू को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया है।

## झारखंड में एडुजार ने की शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत

**रांची।** एडुजार प्राइवेट लिमिटेड, झारखंड की अग्रणी कंपनी है, जिसने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार कोडिंग और रोबोटिक्स की पढ़ाई को आरंभ किया है। यह कंपनी बिहार और झारखंड के कई स्कूलों में बहुत ही किफायती फीस पर कोडिंग की शिक्षा प्रदान कर रही है। यह बात कंपनी के संस्थापक रोहित प्रकाश और अभिजीत वर्मा ने रांची के लालजी-हिरजी रोड स्थित कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि इस कंपनी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत की है, जिसमें छात्रों को कम उम्र में ही कोडिंग और रोबोटिक्स की शिक्षा दी जा रही है।

## सदर अस्पताल में पर्ची के लिए मरीजों को घंटों करना पड़ रहा है इंतजार

# डॉक्टर से दिखाने के लिए ऑनलाइन पर्ची कटाने के बाद भी परेशान हैं मरीज

**अमित कुमार। रांची**

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नई प्रणाली शुरू की गई है। इसमें मरीज क्यूआर कोड स्कैन कर मिनटों में ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) के लिए पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। इसके कुछ ही मिनटों के बाद मरीज पर्ची लेकर संबंधित विभाग के डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे। यह व्यवस्था मरीजो को लंबी लाइन में लगने से होने वाली परेशानी को कम करने के लिए लागू की गई है।

सोमवार को सदर अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ थी। वहां आए मरीजों ने 'आभा' तथा 'आरोग्या सेतु' एप डाउनलोड कर ऑनलाइन टोकन नंबर लिया। टोकन नंबर मिलने के बाद मरीजो को काउंटर से अपनी पर्ची लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। ऐसे में इस नई प्रणाली को अपनाने के बाद भी वहां आए सभी मरीज काफी परेशान थे। मरीजों का कहना था कि पहले भी समय लगता था और अब भी समय लग रहा है, तो फिर ऑनलाइन नंबर लेने का फायदा क्या है?







पिछले दिनों भी भीड़ की वजह से इलाज नहीं करा पाया था। आज भी स्थिति ऐसी है कि ऑनलाइन टोकन नंबर मिलने के बाद भी घटों इंतजार करना पड़ रहा है।
अक्षत अनुराग।



क्लास छोड़ कर इलाज कराने आया हूं। लेकिन, यहां तो व्यवस्था एसी है कि मानों पूरा दिन निकल जाएगा। पहले टोकन के लिए, फिर ओपीडी के लिए लाइन लगनी होती है।
प्रिंस कुमार सोनू।



पहले कभी इस तरह से इलाज नहीं कराए थे। पहली बार एप के माध्यम से टोकन नंबर लिया हूं। लेकिन, पर्ची के लिए काउंटर पर काफी भीड़ है। काउंटर बढ़ाने की जरूरत है।
अमरदीप दुबे।



काउंटर पर टोकन नंबर के साथ संबंधित विभाग के बारे बताना होता है और पर्ची मिल जाती है। इस तरह की टेक्नोलॉजी की यह शुरुआत है। संभवतः भविष्य में व्यवस्था बेहतर हो।
चंदन कुमार।

एप के माध्य से पर्ची भरकर उसकी कॉपी काउंटर से लेनी होती है। ताकि, मरीजों को लंबी कतार में ना लगना पड़े। लेकिन, अभी शुरुआती दौर में थोड़ी परेशानी हो रही है। इसके लिए दो अतिरिक्त काउंटर रखे गए हैं। जून माह से मरीजों को ओर अधिक सुविधा मिले, इसके लिए इसमें अतिरिक्त बदलाव किए जाएंगे।
- प्रभात कुमार, सिविल सर्जन, रांची।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा और आरोग्या सेतु एप डाउनलोड कर ऑनलाइन टोकन नंबर लेना होता है। इसके बाद संबंधित विभाग की जानकारी काउंटर पर भर कर मरीज को पर्ची दे दी जाती है। एप के माध्यम से मरीज की सारी जानकारी जुड़ी होगी। देश के किसी भी कोने में मरीज इलाज के लिए जाता है, तो एप के माध्यम से वहां के डॉक्टर देख सकेंगे।
- हिरेंद्र बिरुआ, सुप्रिटेंडेंट, रिम्स, रांची।

# 'गिलुआ' उर्फ सात्विक की शॉर्ट फिल्म 'चंद्रयान थ्री टू बाय' की स्पेशल स्क्रीनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी के प्रांगण में स्थित स्टूडियो थिएटर में रविवार की शाम शॉर्ट फिल्म 'चंद्रयान थ्री टू बाय' की स्पेशल स्क्रीनिंग की गई। फिल्म के लेखक और निर्देशक अभिषेक कुमार अनमोल हैं। फिल्म को महावीर प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। इससे पहले अभिषेक की शॉर्ट फिल्म 'साइलेंस ऑफ मर्डर' कई फिल्म फेस्टिवल में नॉमिनेट और पुरस्कृत हो चुकी है। फिल्म 'गिलुआ' में मुख्य भूमिका निभा चुके सात्विक सिन्हा इस फिल्म में शिवनाथ के किरदार में हैं। इसके अलावा, अन्य सभी कलाकार 'झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी' से अभिनय प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें शामिल हैं अरुण सिंह, अंकिता प्रजापति और रोशन कालिंदी।

### फिल्म की कहानी

शॉर्ट फिल्म 'चंद्रयान थ्री टू बाय' में शिवनाथ के किरदार में सात्विक



यह फिल्म शिवनाथ की कहानी है, जो 5वीं कक्षा में पढ़ता है और ब्रह्मांड के बारे में जानने को उत्सुक है। वह पढ़ाई में अच्छा है। बचपन से ही शिवनाथ में इतना जुनून था कि उसका लक्ष्य सिक्के इकट्ठा करना और इसरो रॉकेट मॉडल और उपग्रह खरीदना था। वह हमेशा दुकान पर जाकर विश्व मानचित्र और ग्लोब के विभिन्न चित्रों की तस्वीरें खरीदता है, एक दिन शिवनाथ की मुलाकात कूड़ा बिनने वाले एक बच्चे राम से होती है, जो खुद खिलौनों की दुकान से चंद्रयान 3 रॉकेट खरीदना चाहता है। लेकिन, पैसों के अभाव में वह मन मसोस कर रह गया। अंत में शिवनाथ अपने पापा से कह कर राम को चंद्रयान 3 रॉकेट खरीदकर गिफ्ट कर देता है।

# पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा 12 जून से होगी : डॉ अजीत सिन्हा

**छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय ने किया परीक्षा तिथि में बदलाव**

*कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक के फैसले का विद्यार्थियों ने किया स्वागत*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को रांची विवि के परीक्षा नियंत्रक एवं कुलपति का घेराव किया। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पीजी के छात्र छात्राओं को यूजीसी गाइडलाइंस के अनुसार कम से कम 4 क्रेडिट, यानी 60 घंटे पढ़ना है। इधर, पीजी सत्र 2022-24 में सेमेस्टर-4 के छात्र छात्राओं की कक्षाएं 20 मार्च से शुरू हुई हैं। इस दौरान बहुत सारे पर्व-त्यौहार और परीक्षाओं के कारण सिलेबस कंप्लीट नहीं हो पाया है। दूसरी ओर, विश्वविद्यालय द्वारा 10 दिन में मिड सेमेस्टर एग्जाम फॉर्म भरने, डिजर्टेशन, प्रोजेक्ट वर्क, उसके बाद 28 से सेमेस्टर-4 की परीक्षा तिथि जारी की गई है। ऊपर से सेमेस्टर-1 की परीक्षा भी है। पीजी सेमेस्टर-4 के बहुत सारे छात्र-छात्राओं का सेमेस्टर-1 में कुछ विषय में बैक लगा था। उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इन विद्यार्थियों के बीच काफी असमंजस की स्थिती बनी हुई है कि दस दिनों में वे क्या-क्या करें। मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और परीक्षा नियंत्रक ने कहा के पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा तिथि में बदलाव कर 12 जून के बाद परीक्षा ली जाएगी। छात्र आजसू के सदस्यों एवं रांची विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक के इस फैसले का स्वागत किया। मौके पर छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के वरीय उपाध्यक्ष दीपक दुबे, मनजीत, प्रियांशु, राहुल, सुमित, ऋषभ, सूरज, उत्तम, गौरी शंकर सहित सैकड़ों की संख्या में पीजी विभाग के छात्र-छात्राएं मजूद थे।

## कचहरी चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

**रांची।** नगर निगम क्षेत्र की सड़कों को जाम मुक्त और अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सोमवार को रांची नगर निगम ने कचहरी चौक से शहीद चौक होते हुए अलबर्ट एक्का चौक तक दंडाधिकारी और पुलिस बल की उपस्थिति में अभियान चलाया। इस दौरान 'नो वेंडिंग जोन' में ठेला-खोमचों को हटाया गया। साथ ही, सड़कों पर अतिक्रमण कर रखे दो चौकी और एक टेबल को जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों और विक्रेताओं को माइक के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश रांची नगर निगम ने दिया था, जिसके बाद निगम की ओर से सामान जब्त करते हुए कार्रवाई की गई।

# बीएसएनएल के महाप्रबंधक उमेश शाह ने की वोट करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बीएसएनएल व्यापार क्षेत्र रांची के महाप्रबंधक उमेश प्रसाद शाह ने बीएसएनएल के सभी अधिकारी,पदाधिकारी,कर्मियों से सह-परिवार मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व शुरू हो चुका है। रांची संसदीय क्षेत्र में यह 25 मई को निर्धारित है। मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें।

### एयरपोर्ट के कार्यकारी निदेशक ने कहा, वोट अवश्य करें



रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट कार्यकारी निदेशक धनंजय तिवारी ने भी अतिआवश्यक सेवा में लगे नागर विमानन रांची से जुड़े सभी अधिकारी,कर्मचारी से आग्रह- सविनय निवेदन करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए 25 मई को अपने घरों से बाहर निकलें और शत प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा है कि अपने मताधिकार का प्रयोग शत-प्रतिशत करें।

### दूरदर्शन केंद्र के निदेशक ने कहा, मतदान का सदुपयोग करें



रांची दूरदर्शन केंद्र के निदेशक आरके राव ने भी दूरदर्शन परिवार से आग्रह करते हुए कहा कि मैं दूरदर्शन परिवार से अनुरोध करना चाहता हूं कि, बड़ी संख्या में आप मतदान करिए। आप जितने भी परिवार हैं , उन्हें भी समझाएं समय पर मतदान केंद्र आएं और मतदान का सदुपयोग करें। जिससे अच्छे नेता का चुनाव होगा, एक मत भी किसी की तकदीर बदल सकता है। जितने भी यंग जनरेशन के लोग हैं, वे अपने बड़े बुजुर्गों को भी मतदान केंद्र में लाएं और मतदान करवाएं।

# रांची में राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) 21 मई (मंगलवार) को रांची में राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड का आयोजन करेगा। इसमें राज्य के प्रत्येक जिलों से 10-14 और 14-16 आयु वर्गों में चयनित 96 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस ओलंपियाड का आयोजन प्रातः आठ बजे से किया जाएगा। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रदेश के हर जिले से प्रतिभागी सोमवार को रांची पहुंच गए हैं। इसमें प्रत्येक जिले से उच्च प्राथमिक, मध्य विद्यालयों (10-14 आयु वर्ग) से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित एक छात्र एवं एक छात्रा तथा उच्च विद्यालयों (14-16 आयु वर्ग) से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित एक छात्र एवं एक छात्रा यानी कुल चार विद्यार्थी शामिल होंगे। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सोमवार को बताया कि राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड के दोनों आयु वर्गों को मिलाकर कुल 16 विजयी प्रतिभागियों को 21 जून को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि एनसीईआरटी, नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 18 से 21 जून तक राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन करेगा।




# दूसरे चरण में उमंग के साथ बूथों पर पहुंचे मतदाता





वोटिंग के बाद सेल्फी वीद फैमिली



ब्यूरो रिपोर्ट, रांची। चिलचिलाती धूप में भी मतदाता पूरी तरह उत्साहित होकर मतदान करते रहे। भीषण गर्मी पड़ने के बाद भी मतदाताओं में उत्साह में की कमी नहीं दिखा । वीआईपी लोगों के साथ-साथ आम लोगों ने भी अपने मत का इस्तेमाल किया। तीनों संसदीय क्षेत्र में कई मतदान केन्द्रों पर महिलाओं की लम्बी लाइनें देखने को मिली। वोट डालने के लिए घंटों देर तक लाइन में खड़ी हो कर अपनी बारी का इंतजार करती नजर आई।
कई बुजुर्ग और विकलांग महिलाएं भी मतदान करने पहुंची । महिला वोटरों ने इस बार देश में बढती मंहगाई व सुरक्षा तथा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर अपना प्रत्याशी चुनने व मतदान करने की बात कही।





रामगढ़ । लोकतंत्र का महापर्व हो और ट्रांसजेंडर की उसमें सहभागिता ना हो यह कैसे संभव हो सकता है। रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 348 पर ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान करना जरूरी है। वोट डालने के बाद उन लोगों ने आम नागरिकों से भी मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम कर सकते हैं मतदान तो आप क्यों नहींॽ। बुजुर्ग, दिव्यांगों सहित अन्य सभी के लिए मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं उपलब्ध। आप सभी भी अपना मतदान करने मतदान केंद्र जरूर पहुंचे।





लोकतंत्र के महापर्व में इस बार हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें बुजुर्ग महिलाएं भी काफी आगे रहीं। घर का काम काज छोड़ महापर्व को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।






लोकसभा चुनाव 2024 में शांति पूर्वक चुनाव कार्य सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। तीनों संसदीय क्षेत्र के कई बूथों पर महिला और पुरूष सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। महिला पुलिस कर्मी सुबह के सात बजे से चुनाव कार्य सम्पन्न होने तक मुस्तैदी से तैनात रहीं। इन महिला पुलिस कर्मियों को क्षेत्र के कई संवेदनशील क्षेत्रों में भी तैनात किया गया था।

## राज्य में दो चरणों के सातों सीटों पर एनडीए की जीत तय : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों के साथ गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता का पार्टी की ओर से आभार प्रकट किया। साथ ही शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग के पदाधिकारियों एवं चुनाव कर्मियों का भी आभार जताया। साहू ने सोमवार को प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया है। शाम पांच बजे तक के जो आंकड़े हैं उसमें 65 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुए हैं। आज पांचवें चरण के मतदान संपन्न होने के बाद जनता ने फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए 400 पार के संकल्प में सात सीटों का योगदान दिया है। साहू ने कहा कि यह मतदान तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए है। साथ ही यह मतदान प्रदेश से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने के लिए हुआ है। यह मतदान सनातन विरोधियों को सबक सिखाने के लिए हुआ है। यह मतदान आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा, महिला, किसान सभी को ठगने वाली नीति और नीयत के खिलाफ हुआ है।



### इंडी गठबंधन निशिकांत के विकास कार्य से परेशान

राज्यसभा सांसद ने कांग्रेस-झामुमो के द्वारा चुनाव आयोग में शिकायत पर कहा कि इंडी गठबंधन के नेता सांसद निशिकांत के विकास कार्य से काफी परेशान हैं। निशिकांत दुबे ने अपने कार्यकाल में गोड्डा में हर क्षेत्र में विकास किया है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव विकास विरोधी हैं, इसलिए वे अनर्गल आरोप लगाते हैं। निशिकांत इस बार भी भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे। राज्यसभा सांसद ने गांडेय उपचुनाव में भी जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के बुथ कार्यकताओं ने बल पर एनडीए प्रत्याशी दिलीप वर्मा की जीत तय है। कुछ जगहों पर पुलिस ने वोटरों पर वोट नहीं देने का दवाब जरूर बनाया, बोगस वोट वाले बुथों पर पुलिस कर्मी शांत रहे, जबकि अन्य जगहों पर कड़ाई दिखा रहे थे, लेकिन तमाम बंदिशों के बावजूद 4 जून को इंडी गठबंधन के सारे दावे फेल हो जाएंगे।

## नई पारी को जनता का मिला आशीर्वाद पर आपकी कमी खल रही : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता**



गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा उपचुनाव में मतदान के दिन सुबह-सुबह कल्पना सोरेन अपने सोशल मीडिया एक भावुक पोस्ट किया । सोशल मीडिया में अपने पति पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए कहा कि कल्पना सोरेन लिखती है कि राजनीति, दल, सरकार सब आप की ज़िम्मेदारी रही। मैं घर, बच्चें, आदरणीय बाबा, मां और परिवार के देखभाल में खुश थी। ना मुझे कभी राजनीति में आने का शौक था, ना ही मैंने कभी सोचा था कि मुझे यह करना है, पर तानाशाहों ने 31 जनवरी को हमारी ज़िंदगी बदल दी। आपके साथ ही मेरी आत्मा को भी चारदीवारी में कैद कर लिया। आपने हमेशा झारखंड के लोगों को अपनी सबसे बड़ी ताकत माना, अपनी सबसे बड़ी जिम्मेवारी माना। इस जिम्मेवारी को निभाने के क्रम में हमने आपको एक ओर गरीब-मजलूमों को झुककर गले लगाते देखा, तो दूसरी ओर तानाशाह के सामने सीना ताने खड़े भी देखा। चारदीवारी से बाहर निकल, आपके झारखंड परिवार से रूबरू होने के बाद ही मैं आपके इस जुनून के पीछे की शक्ति एवं संकल्प को सही से समझ पायी। तानाशाही-सामंती ताकतों के सामने खड़े आप सच्चे अर्थों में झारखंड के स्वभाव को प्रतिबिंबित करते हैं। एक ओर जहां आप झारखंड के करोड़ों लोगों की हिम्मत हैं वहीं मैं समझती हूं कि आपकी हिम्मत झारखंड के लोग ही हैं। जैसा स्नेह और आशीर्वाद अब तक मुझे राज्य के कोने-कोने में मिला है, वह आपके प्रति लोगों के प्यार के कारण ही हो सका है।

## दूसरे चरण के तीनों लोकसभा और गांडेय में इंडी गठबंधन की जीत तय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने झारखंड के दूसरे चरण के तीन लोकसभा क्षेत्र और गांडेय विधानसभा के लिए हुए मतदान में इंडिया जनबंधन की जीत दावा किया है। इसके लिए कांग्रेस प्रवक्ता ने इंडिया गठबंधन के प्रति अपना भरोसा जताने के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि तीनों लोकसभा सीटों में भारी मतों से जीत जीत की भूमिका तय करने के साथ ही जनता ने अपने मूड को स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें विकास रोजगार, को छोड़कर और कोई भी मुद्दे प्रभावित नहीं कर सकते हैं। राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही झारखंड के स्थानीय मुद्दे भी इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में है। कांग्रेस ने जिस संजिंदगी से जनता के मर्म को समझकर उनके हित के मसलों को अपने घोषणा पत्र में जगह दिया है और साथ ही उन्हें पूर्ण करने की समय सीमा निर्धारित की है उससे जनता का विश्वास चुनाव के विभिन्न चरणों में मजबूत होता चला गया। उन्होंने कहा कि झारखंड से भाजपा का सफाया सभी लोकसभा सीटों से तय है पूरे देश में झारखंडी एकता का परचम लहराएगा। सभी सिटे इंडिया के खाते में डालकर झारखंडी जनता देश के सामने अपने अधिकारों के प्रति सजगता के मामले में उदाहरण पेश करेगी। जनता से झूठे वादों और प्रतिदिन मोदी शाह की युगल जोड़ी द्वारा झूठे आंकड़े पेश किए जाने के कारण जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। इस चरण के चुनाव ने साबित कर दिया है कि जनता ने संविधान बचाने के लिए लाइन में लिखकर अपना पूरा साथ इंडिया के उम्मीदवारों को दिया है। इस चरण में हुए आठ राज्यों के मतदान से पूरी तरह से इंडिया जनबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का जन समर्थन गांडेय विधानसभा में श्रीमती कल्पना सोरेन को मिला है उसे पता चलता है कि झारखंडी समाज आदिवासी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को भुला नहीं है और झारखंड के महागठबंधन सरकार के प्रति उनका भरोसा कायम है।



## लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 61.45 % हुआ मतदान

# बूथों पर प्रशासन की थी सख्त निगरानी, मतदाताओं ने बेखौफ किया मतदान





**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
18वीं लोकसभा चुनाव के 5वें चरण के लिए बरही विस के कुल 123 बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ. मॉक पॉल के बाद सुबह सात बजे से वोटिंग प्रारंभ हो चुका था. बूथ स्थलों पर पुलिस की कड़ी निगरानी देखी जा रही थी। लोग बेखौफ होकर अपने मतदों का प्रयोग करते नजर आये। बूथ संख्या 326, 327, 328, 329 आदि सहित कई बूथों पर मतदान प्रारंभ होते ही मतदाताओं की लंबी कतार लग गई. जो करीब ग्यारह बजे तक बरकरार रहा. दोपहर में मतदान की रफ्तार थोड़ी कम हुई जो देर संध्या होते ही नगण्य सा देखा जाने लगा. जानकारी के अनुसार बरही-21 विस के लिए सुबह 9 बजे 12.4, 11 बजे 25.2, 1 बजे 41.5, 3 बजे बजे 53% मतदाताओं का मत रिकॉर्ड किया गया. वहीं अपराह्न 3 बजे तक बरही प्रखंड में मतदान 58% रिकॉर्ड किए गए. जिसमें महिला 52.35 और पुरुष के 53.2 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किए गए. पांच बजे मतदान समाप्त होने तक बरही में 61.45% हुआ। बरही ब्लॉक में 63.47 % हुआ।

### मतदाताओं के लिए की गई थी विशेष व्यवस्था

वरिष्ठ, दिव्यांग और गर्भवती सहित असक्षम मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए मतदान केंद्र पर टेंट लगवाए गए थे. मतदान केंद्र पर व्हील चेयर की भी सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी, वही वरिष्ठों व असक्षम मतदाताओं को लाने ले जाने के लिए ऑटो भी उपलब्ध कराए गए थे. मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य टीम और स्वागत व सहयोग के लिए वॉलंटियर और बीएलओ मौजूद थे।

### पुलिस बल था तैनात, वेबकास्टिंग भी हुई

स्वच्छ और निष्पक्ष मतदान करवाने के लिए आयोग ने प्रत्येक बूथ पर गोवा आर्म्ड पुलिस सहित स्थानीय पुलिस के जवान तैनात किए गए थे. जिला नियंत्रण कक्ष प्रत्येक बूथ को वेब कास्टिंग के माध्यम से निगरानी बनाए हुए था. इसके लिए अंदर और बाहर वाई फाई एचडी कैमरा लगाया गया था।

**वरिष्ठ और नए मतदाताओं में दिखा जोश :** मतदान के दौरान वरिष्ठ और फर्स्ट टाइम वोटर बने मतदाताओं में जोश देखा गया. वरिष्ठ मतदाताओं ने मतदान केंद्र तक आने के लिए अपने परिजनों का सहारा लिया वह नए बने मतदाता सुबह से ही मतदान के जोश में दिखे.

**निवार्ची पदाधिकारी और पुलिस अधिकारी करते रहे निरीक्षण**
मतदान की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अनुमंडल निवार्ची, प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सहित एसडीपीओ, पुलिस इंस्पेक्टर और आब्जर्वर का लगातार निरीक्षण जारी रहा. इस दौरान अधिकारियो ने मतदान और मतदाताओं की सुविधाओ का लगातार जायजा लेते रहे. विरहोर टोला स्थिति उमवि केवाल को 107 विरहोर मतदाताओं के लिए आदर्श बूथ बनाया गया था. जिसे सोहराय कला के माध्यम से विशेष रूप से सजाया गया था. 5 बजते ही मतदान समाप्ति की घोषणा के साथ मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## एक नजर

### संस्कारी मास्टर जी ने भी सपरिवार मतदान कर औरों से भी मतदान करनें की अपील की

**हजारीबाग।** 'भाभी जी घर पर हैं' सीरियल में मास्टर जी का रोल निभा रहे केरेडारी प्रखंड के विजय कुमार सिंह ने भी लोकतंत्र के महापर्व पर सोमवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया।उन्होंने सपरिवार उत्क्रमित विद्यालय, भदईखाप के मतदान केंद्र संख्या 56 में वोट डालकर अन्य को भी मतदान केंद्र में आकर वोट डालने की अपील की।मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग,रांची के संस्कारी मास्टर जी सोशल मीडिया अभियान के किरदार रूप में चर्चित रहे विजय कुमार सिंह ने पूरे इलेक्शन अभियान में मतदाता जागरूकता संबंधी कई विज्ञापनों और वीडियो के माध्यम से लोगो को जागरूक किया था।

### मतदान केंद्रों पर व्यवस्था को लेकर'परिवेश' ने प्रशासन को दी बधाई

**हजारीबाग।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए साहित्यिक संस्था 'परिवेश' के संयोजक विजय केसरी ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार एवं जिला आयुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय की सराहना करते हुए उन्हे बधाई प्रेषित किया है। विजय केसरी ने कहा है कि ऐसे सजे धजे मतदान केंद्र में मतदान कर अभिभूत हूं। नगर के मतदान केदो को बहुत ही अच्छे ढंग सजाया गया। कहा कि ऐसे मतदान केंद्रों को देखकर शादी घर की याद आ गई। मतदान केंटो पर स्त्री और पुरुषों के लिए दो-दो लाइनें बनाई गई। बारी-बारी से दो स्त्री और दो पुरुषों को मतदान के लिए अंदर भेजा जा रहा था। प्रचंड गर्मी को ध्यान में रखकर छांव की भी व्यवस्था की गई । मतदान केंद्रों पर ड्यूटी में तैनात पोलिंग अधिकारी से मतदान करने के तरीके पूछे जाने पर वे बड़े ही सहजता के जानकारी दे रहे थे ।उन्होंने पत्र में दर्ज किया है कि मतदान केंद्रों के बाहर चलंत शौचालय की व्यवस्था की गई थी। मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की गई। कुछ समाजसेवी संगठनों द्वारा कुछ केंद्रों पर मतदाताओं के लिए बिस्कुट की भी व्यवस्था की गई।वयोवृद्ध स्त्री पुरुष मतदाता भी मतदान कर रहे थे।

## बरकट्ठा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, उत्साहित दिखे मतदाता

# पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
बरकट्ठा में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न, पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद
बरकट्ठा। पांचवे चरण का मतदान सुबह 7 बजे से प्रखंड के विभिन्न बूथों पर शुरू हो गई। इस निमित्त कई केद्रों पर सुबह से ही महिला एवं पुरुष मतदाताओं की लंबी कतारे देखी गई। तपती धूप में भी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में हिस्सा लिया। सभी मतदाताओं उत्साहित दिख रहे थे। प्रखंड के विभिन्न स्थानों से कई वयो वृद्ध महिला एवं पुरुषों का चुनाव में शामिल होने की तस्वीरें आई। पहली बार नये युवा मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। वहीं अधिकांश बुथों में महिला मतदाताओं की अधिक संख्या देखने को मिला। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता तथा गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी मुस्तैदी के साथ विभिन्न बुथों का निरीक्षण किया और विधि व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय भूमिका निभाई। वही मतदाताओं ने कहा की देश हित में मतदान किया हूं क्योंकि यह हमारा कर्तव्य और अधिकार दोनों है। वयोवृद्ध महिला पुरुषों में जयंती देवी 97 वर्ष गैड़ा, भागीया देवी 76 वर्ष गैपहाड़ी ,मथुरा महतो 82 वर्ष मासीपीढ़ी शामिल रहे । मथुरा महतो व्हीलचेयर पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मत का प्रयोग किया।

## मनीष ने अपने परिवार की तीन पीढ़ियों संग किया मतदान

# लोगों को मतदान करने के लिए घरों से निकलने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने लोकसभा चुनाव- 2024 के दौरान सोमवार को मतदान करने अपनी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल के साथ बूथ पर पंहुचे और वोट डाला। इससे पूर्व उनके पिता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने परिवारजनों संग करीब 11 बजे शहर के वार्ड संख्या 27 स्थित मालवीय मार्ग के अपने बिहारी बालिका उच्च विद्यालय स्थित बूथ संख्या 209 पंहुचे जहां मतदान से पूर्व की सारी प्रक्रिया पुरी कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपने मत का उपयोग किया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल सफेद कुर्ते में भगवा गमछा ओढ़े बूथ पर पहुंचे। मनीष जायसवाल सहित पूरे परिवार ने बूथ संख्या 209 में मतदान किया ।

## फर्जी खबर बनाकर छवि धूमिल करने के आरोप में मामला दर्ज

# मेरी छवि को धूमिल करने का किया जा रहा प्रयास : अमित यादव

### अजीत यादव ग्राम चटकरी निवासी पर षडयंत्र रच कर वीडियो पोस्ट करने के आरोप में बरकट्ठा थाने में मामला कराया है दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधायक अमित कुमार यादव ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को समर्थन देने के संबंध में फर्जी खबर बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और विधायक की छवि को धूमिल के आरोप में बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। दिये आवेदन में उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को फेसबुक, व्हाट्सएप्प में गलत खबरें चलाई जा रही थी कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र चुनाव में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने माले प्रत्याशी बिनोद सिंह को अपना समर्थन दे रहे हैं। जबकि यह खबर सरासर झूठ और निराधार है। ऐसे वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बबलू यादव, अजीत यादव ग्राम चटकरी निवासी पर षडयंत्र रच कर वीडियो पोस्ट करने के आरोप में बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज कराया है। विदित हो की निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी को समर्थन कर रहे हैं। इस संबध में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि इस संबध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। अगर सही है तो इसकी जांच प्रशासन और न्यायलय करें।

## टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

# मतदाताओं ने घंटों चिलचिलाती धूप में खड़े होकर अपने मत का किया प्रयोग



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया**
टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में पांचवा चरण का मतदान शांति पूर्वक संपन्न कराया गया। मतदान कर्मी सुबह से ही तैयारी में जुटे थे सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ इस भीषण धूप में भी मतदाता अपने पर्ची और पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे। घंटों चिलचिलाती गर्मी में मतदाता खड़ा होकर अपने मत का प्रयोग किया। कही सबंधित विभाग के द्वारा मतदाताओं के लिए छावनी की व्यवस्था थी तो कही नही देखा गया। बूथ नंबर 461,462,463 में वृद्ध विकलांग के लिए व्हील चेयर आवागमन के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं किया गया था। फिर भी मतदाता उठक बैठक करते लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपने परिवार सदस्यों और समाज सेवियों के सहारे पहुंचकर मतदान किया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 54 बूथ है जिसमें हजारीबाग संसदीय क्षेत्र टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में पांच पंचायत टाटीझरिया, डहरभंगा ,डूमर ,धर्मपुर और बेडम पंचायत में कुल 33 बूथ और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के संसदीय क्षेत्र जो यह भी टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत खैरा, झरपो और भराजो पड़ता है जिसमे कुल 54 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न हो गया। कुल मिलाकर 54 बूथ में लगभग 65% मत पड़े। जहां पुरुष और महिलाएं मतदाता मतदान केन्द्र में आए। जिनके चेहरे पर बहुत ही खुशी झलक रही थी। आइए सुनते है नए मतदाता की जुबानी प्रिया कुमारी, रानी कुमारी रूपा कुमारी, आरती देवी, मुस्कान कुमार, बिपुल पंडा उजाला कुमारी शिल्पा कुमारी मंजू कुमारी खुशबू कुमारी, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, उजाला कुमारी ने कहा कि वोट कैसे दिया जाता है मैने कभी पहले नही समझा आज पहली बार मतदान करके खुश हूं की लोकतंत्र का महा पर्व को आज समझे और मतदान किया हूं।

**लोकतंत्र के इस महापर्व में कई मतदाताओं ने अपने परिवार के सदस्यों और समाज सेवियों के सहारे बूथों तक पहुंचकर किया मतदान**

## लोकतंत्र के भागी बने लोग | हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव संपन्न

# 63.66 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए 20 मई की सुबह 7:00 बजे मतदान आरंभ हुआ। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता उत्साहित दिखे । समय बीतने के साथ मतदाताओं का उत्साह बढ़ता गया। सुबह 9:00 बजे तक हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत 22 विधानसभा बड़कागांव में 11. 48 प्रतिशत और 23 विधानसभा रामगढ में 13.37 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदाधिकार का प्रयोग किया। सुबह 11:00 बजे तक 25.45 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 22 विधानसभा बड़कागांव में 26.53 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। 23 विधानसभा रामगढ़ में 27.87 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, 1:00 बजे तक लगभग 40.16 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 22 विधानसभा बड़कागांव में 40.72 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 23 विधानसभा रामगढ़ में 42.63 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। 3:00 बजे तक 52.82 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 22 विधानसभा बड़कागांव में 53.21 प्रतिशत और 23 विधानसभा रामगढ़ में 53.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम 5:00 बजे तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 63.66 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

### चंद्रप्रकाश चौधरी ने दिया वोट

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने सांडी हाई स्कूल चितरपुर के बूथ नंबर 195 चितरपुर में पहुंचकर मतदान किया। मतदान करने के लिए उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सह रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी भी पहुंची थीं। लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर दिव्यांग भी उत्साहित दिखे और मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी।

### समाजसेवी मुन्ना सिंह ने किया मतदान

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग के बहेरी पंचायत के ग्राम चानो के समुदायिक भवन चानो, बुथ संख्या 379 में मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व के मौके पर हजारीबाग के लोग बढ़-चढ़ कर अपना वोट डालते नजर आए। मौके पर मुन्ना सिंह ने स्थानीय लोगों से अपील किया कि लोकतंत्र के इस त्योहार में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने निकटतम मतदान केंद्र में जाकर अपना वोट डालें। युवाओं को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा, मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार एवं कर्तव्य है। एक ज़िम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और एक सही प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स


वोट देकर प्रसन्न नजर आए निर्वाची पदाधिकारी।


एसपी बिमल कुमार अपनी उंगली पर लगी स्याही को दिखाते हुए।


वोट देने के बाद उत्साहित नजर आए युवा।


लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदान करते लोग।


लोकतंत्र के मजबूती के लिए वोट डालते ट्रांसजेंडर।


मतदान करने के लिए कतार में लगे लोग।

### एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला ने किया मतदान



**गोला (रामगढ़)।** एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मुख्य प्रशासक मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ जिले के बैतूल खुर्द प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को मतदान किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हर मतदाता का मूल अधिकार है। इससे देश मजबूत होता है और यहां का लोकतंत्र भी मजबूत होता है। मतदान करना देश प्रेम की पहचान है। इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता बेटुल कलां पंचायत के मुख्य जाकिर अख्तर ने भी मतदान किया। उन्होंने शत-प्रतिशत वोटिंग पर बल दिया।

### गोला के बूथों पर सुविधाएं नदारद, हुई परेशानी

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के कई बूथों में सुविधाएं नदारद रहने के कारण पोलिंग पार्टियों को काफी परेशानियों का सामना पड़ा। रविवार की देर शाम को पोलिंग पार्टियां पहुंचने लगे तो बूथों पर फैली अव्यवस्था को देखकर घबरा गए। कई बूथों पर बिस्तर तक की व्यवस्था नहीं की गई थी। वहीं कई बूथों में बिजली व बल्ब तक नहीं थे। बिजली के बिना कर्मचारी काफी परेशान रहे। हालांकि जिला व प्रखंड प्रशासन पिछले दो सप्ताह से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए थे। बूथों पर की गई व्यवस्था की पड़ताल की गई तो प्रशासन की पोल खुली।

## एक नजर

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के तीन दोषियों को सुनाई गई 20 वर्ष की सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा पोक्सो की विशेष न्यायालय में एडीजे आशा डी भट्ट के द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को 20 वर्ष की सजा एवं 30-30 हजार का जुमार्ना की सजा सुनाई है। इस मामले में कोलेबिरा थाना कांड संख्या 55/21 के तहत मामला दर्ज है ।बताया गया की 15 अक्टूबर 2021 को नाबालिक दशहरा मेला देखकर लौट रही थी इसी दौरान घर छोड़ने के नाम पर रोहित बड़ाईक, संदीप बड़ाईक और शैलेश बड़ाईक नामक तीन युवकों के द्वारा उसे जंगल की ओर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इधर पीड़िता ने इस बात की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया गया और पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। इधर विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा तमाम साक्ष्य एवं दलीलें पेश की और इसके बाद सजा सुनाई गई।

### पूजा-अर्चना के बाद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने किया मतदान

**कोडरमा।** केंद्रीय मंत्री और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने अपनी मां 76 वर्षीय रेवती देवी के साथ सोमवार की सुबह करीब 9.05 बजे उत्क्रमित मिडिल स्कूल करियाबर बूथ नं 196 पर वोट किया। इस बीच उनके दो पुत्र मयंक और सौरभ ने भी मतदान किया। उन्होंने सबसे पहले घर से निकलीं और राधा- कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की। फिर उन्होंने अपने पति स्व रमेश प्रसाद यादव को नमन करने के बाद अपने परिवार के साथ आवास से बूथ के लिए निकली। मतदान के बाद हर्ष जताते हुए अंगुली पर अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 20 मई को हुए चुनाव में भाजपा तीनों सीट कोडरमा, हजारीबाग और चतरा में जीत दर्ज करेगी। उन्होंने हिंदुस्तान से बातचीत में अपनी जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद झारखंड में महागठबंधन का सफाया हो जाएगा और भाजपा झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

# सिमडेगा को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए नया रोडमैप

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के गैरसरकारी संगठन छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने बाल विवाह पर नई दिल्ली में हुई कार्यशाला में लिया हिस्सा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड़े 22 राज्यों के गैरसरकारी संगठनों ने 2024-25 के लिए रोडमैप पर की चर्चा। इस नए रोडमैप और इससे मिली ऊर्जा से छोटानागपुर कल्याण निकेतन अपने जिले और अंततः राज्य को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति आश्वस्त है ।बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान जमीनी स्तर पर 2022 में शुरू हुआ, जिसने अपनी पहुंच, प्रभाव और सहयोगियों के नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार किया है। पिछले



वर्ष तक अभियान के 161 सहयोगी संगठन देश के 17 राज्यों के 300 जिलों में काम कर रहे थे जबकि अब यह अभियान 22 राज्यों तक पहुंच चुका है। इनमें से ज्यादातर जिले ऐसे हैं जिन्हें बाल विवाह की ऊंची दर वाले जिलों के रूप में चिह्नित किया गया है। यद्यपि अभियान का मुख्य फोकस बाल विवाह पर है लेकिन यह बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के सुरक्षा व संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी काम कर रहा है। कार्यशाला में मिले अनुभवों और सीखों के बारे में बात करते हुए छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था के सचिव प्रियंका सिन्हा ने कहा, ₹हमारे लिए यह गर्व की बात है कि बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे हमारे जैसे तमाम संगठन बाल विवाह के खात्मे के साझा लक्ष्य के लिए साझा प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यशाला में हमने इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए नए और लक्ष्य केंद्रित तरीके सीखे। इस नए रोडमैप के साथ हम जमीनी स्तर पर नए विचारों पर अमल में सक्षम होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत



**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र के खिंडा बीजा खमन गांव में रविवार की देर शाम हुई तेज आंधी तूफान और बारिश के बीच हुए वज्रपात में गांव के सनातन एक्का नामक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की जानकारी सोमवार की सुबह पुलिस को दी गई ,जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मेरी जानकारी के अनुसार व्यक्ति किसी काम को लेकर घर से निकला था और लौट रहा था इसी दौरान अचानक तेज आकाशीय बिजली की चपेट में जाकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा सो लाने पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचे और उन्होंने तत्काल पोस्टमार्टम करवाने से संबंधित सहयोग की। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रशासन से मिलने वाली हर संभव उचित मौज दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

### पीडियापोंछ में हवा से जलमीनार का सोलर प्लेट उड़ा



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ बाजार टांड़बक पास का जलमीनार का सोलर प्लेट हवा से उड़ा । ग्रामीणों के अनुसार पीडियापोंछ बाजार के पास लगे मिनी जलमीनार में लगाए गए सोलर प्लेट हल्की हवा आने से उड़कर दूर एक छत पर गिर गया । बताया गया कि उक्त जलमीनार चालू हुआ था किंतु घर पानी सप्लाई नही हुआ था । ग्रामीणों ने अविलम्ब ही सोलर प्लेट लगाने एवं पेयजल सप्लाई करने की माँग किया है। इस मौके पर रामदयाल प्रसाद, नारायण साहू, श्रवण प्रसाद, संगीता पाण्डे एवं अन्य लोग मौजूद थे।

विधायक भूषण बाड़ा ने की चुनाव में मतदान की समीक्षा

# प्रखंड व नगर अध्यक्षों को दिए कई दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने अपने विधानसभा अंतर्गत प्रखंड अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्ष के साथ लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक की। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान सभी प्रखंड अध्यकों एवं कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। वहीं आम जनता के प्रति भी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में भरपूर समर्थन देने के लिए आभार जताने अपील की। विधायक ने लोकसभा चुनाव के दौरान हुए सभी छोटी बड़ी कमी एवं उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कई दिशा निर्देश



दिये। विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आम जनता ने इंडिया गठबंधन को जो प्यार और समर्थन दिया उसके लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन आभारी है। धारी एवं कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। सभी कार्यकर्ताओं को ऐसे ही आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित करें। मौके पर पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता, केरसई प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, नगर अध्यक्ष अरशद खान आदि उपस्थित थे।

भाजपा नेता श्रद्धानंद ने किया कुरडेग प्रखंड का दौरा

## ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं को जाना जल्द समाधान का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कुरडेग प्रखंड कुटमाकक्ष्चार पंचायत में पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के द्वारा भ्रमण कर जनताओं कि समस्याओं से रूबरू हुए। कुटमाक्छार सोगसोगा ग्राम के ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत कई महीनों से गांव में जलमिनार का निर्माण किया गया है परन्तु चापाकल में पर्याप्त पानी नहीं रहने के कारण जलमिनार से पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। जिसके कारण गांव में पानी की समस्या हो रही है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि हमारा नाम वोटर लिस्ट में डिलिट कर दिया गया है जिसके कारण वोट करने से वंचित रह गए।उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए श्री बेसरा ने पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा के जेई से मोबाइल के मार्फत बातचीत कर पानी की समस्याओं रूबरू से कराया एवं जल्द समाधान करने के लिए कहा ताकि गांव के लोगों के लिए जलमिनार से पानी मिल सके। जेई महोदय ने तुरंत जलमिनार निर्माण कंपनी से संपर्क किया, और कंपनी के द्वारा सप्ताह भर के अन्दर जलापूर्ति करने का आश्वासन दिया गया।श्री बेसरा ने मतदाताओं के समस्या के समाधान हेतु क्षेत्र के बिएलओ से मुलाकात कर, जिन लोगों ने किसी कारण वश मतदान नहीं कर सके वैसे लोगों का पुनः बुथ लिस्ट में नाम शामिल करें ताकि वे भी लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने का मौका मिले।

## रसोइयाधमना में सर्वाधिक और केदारूत में सबसे कम हुआ मतदान

**बरही ।** 18वीं लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की उपस्थिति पिछले बार की तुलना में कई जगह कम दिखे. वही कुछ जगहों पर नए वोटरों की उपस्थिति ने मतदान का प्रतिशत बढ़ा दिया. वही पुराने वोटरों में उत्सुकता में कमी के कारण मतदान की प्रतिशतता में कमी दिखा. मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के मतदान करने में रसोईयाधमना पंचायत का बूथ नंबर 300 के मतदाता सर्वाधिक अव्वल रहे. यहां 80 फीसदी मतदान की जानकारी मिली है. वही उमवि केदारूत में मात्र 48.3 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किए गए हैं. जबकि 2019 के चुनाव में इस बूथ पर 55 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया



था. पूरे प्रखंड के आंकड़ों पर नजर देखा जाए तो 2.93 फीसदी मतदाताओं ने इस बार कम मतदान किया है. ज्ञातव्य हो कि चुनाव के पूर्व चुनाव आयोग ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार कार्यक्रम किया. परंतु इस बूथ के मतदाताओं पर कोई असर नहीं हुआ और मतदान बढ़ने के जगह पर प्रतिशत रिकॉर्ड कम पाए गए।

# थाने में गूंजी शहनाई, प्रेमी जोड़े की शादी में पुलिसकर्मी बने बाराती

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा थाना स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में महिला थाना पुलिस के प्रयास पर सोमवार को एक प्रेमी युगल की धूमधाम के साथ शादी की गई ,जहां पर प्रेमी जोड़े के शादी में पुलिस बाराती बनी। मामला सिमडेगा के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लसिया गांव की है। बता जा रहा है कि गांव के बलि साहू के पुत्र सुभाष साहू का विगत 5 वर्षों से कोलेबिरा नवाटोली गांव की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और इसी बीच युवती गर्भवती हो गई, इसके बाद युवक द्वारा शादी से इनकार कर दिया। तब जाकर पीड़िता ने सिमडेगा महिला थाना में आवेदन देकर



गुहार लगाई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना प्रभारी मेरी बिना किस्कू द्वारा तत्काल प्रयास करते हुए युवक को संपर्क साथ थाना बुलाया, इसके बाद परिजन भी पहुंचे और मामले पर उन्होंने मामला दर्ज करने की बात कही। इधर परिजन बिगड़ता बात देख तत्काल युवती साथ शादी के लिए राजी हो गए और तुरंत थाना परिसर स्थित मंदिर प्रांगण में धूमधाम के साथ प्रेमी युगल की शादी कर दी गई।

हाथी के झुंड आने से मचा हड़कंप

### नारायणपुर, गोधिया सहित कई गांव में किसानों की फसल को किया बर्बाद



**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र में वोट 20 मई को पांचवा चरण का मतदान के लिए मतदान कर्मी प्रखंड क्षेत्र पहुंचे जैसे ही नारायपुर में एका एक लगभग 25 हाथियों का झुंड गोधीया जंगल होते हुए नारायणपुर पहुंचा तो मतदान कर्मी मध्य विद्यालय नारायणपुर में ठहरे हुए थे । जैसे ही पता चला की हाथियों का झुंड गांव में आ गया है ,सभी में हड़कंप मच गया कारण की हाथी स्कूल को ही पहला निशाना बनाता है । लाइट लगे रहने के कारण हाथियों का झुंड नारायापुर में लगे दो एकड़ में टमाटर की खेती नारायण प्रसाद और द्वारिका प्रसाद की फसल पूरी तरह बर्बाद कर दिया। भुक्त भोगियों ने कहा ऋण लेकर फसल लगाया था। वही किसान मित्र प्रबील प्रसाद ने कहा की ऋण लेकर किसान खेती करते है खून पसीना करके मेहनत कड़ी धूप में करते है मैं इसकी सूचना वन विभाग को दे दिए है।

## बरही विस क्षेत्र में कमल और पंजा में कांटे की टक्कर

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

18वीं लोकसभा चुनाव के 5वें चरण बरही विस में शांतिपूर्ण संपन्न हुए. उम्मीदवारों की जीत को लेकर अंतिम समय तक मतदाताओं ने सस्पेंस बरकरार रखा. बाबजूद मतदान के दौरान मिले रुझान के आधार पर बरही विस क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार मनीष जायसवाल और इंडी गठबंधन के जयप्रकाश भाई पटेल के बीच कांटे के टक्कर के संकेत मिले हैं. वही इस चुनाव में जेबीकेएसएस समर्थित उम्मीदवार की भी जबरदस्त इंट्री हुई है. मतदाताओं से मिले संकेत के आधार पर चौपारण और चंदवारा प्रखंड में पंजा के बढ़त में आसार है. वही पदमा प्रखंड से कमल फूल के आगे होने के संकेत मिले है. सांकेतिक रुझान के अनुसार बरही प्रखंड में भाजपा को रसोईया धमना, बेंदगी पूर्वी, पश्चिमी, पंचमाधाव, धनवार, दुलमाहा, करियातपुर, बरसोत, डपोक, विजैया, करसो, मलकोको तथा कांग्रेस को गौरियाकरमा, खोंडाहार, भंडारों, रानीचूवा, कोनरा और कोल्हुआ कला में बढ़त के संकेत मिले हैं. इस प्रकार बरही प्रखंड में भाजपा और एनडीए के बीच 60-40 के अनुपातिक संघर्ष देखने को मिले हैं. वही चंदवारा, चौपारण, पदमा और बरही के कुछ बूथों पर हेलमेट की भी जबरदस्त एंट्री के रुझान मिले है. बहरहाल मतदाताओं में सस्पेंस बरकरार है और 4 जून का इंतजार है।

सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को शारीरिक शिक्षा के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खेल भी बहुत ही जरूरी है : रश्मि होरो

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड संसाधन केंद्र कोलेबिरा के सभा भवन में सोमवार को सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को एक दिवसीय शारीरिक शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण संस्था अल्मा मेटर एवं इलम एस स्पोर्ट फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रोजेक्ट छलांग के माध्यम से आयोजन किया गया जिसमें सिमडेगा, कोलेबिरा एवं बानो के 21 सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अल्मा मेटर के क्षेत्र



समन्वयक रश्मि होरो के द्वारा बाल गीत करा कर कार्यक्रम को आरम्भ किया एवं प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी, कोलेबिरा के विकास कुमार का स्वागत किया गया। अल्मा मेटर के प्रोग्राम मैनेजर भूपेंद्र कंसारी ने परियोजना छलांग के माध्यम से चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। जिसमें प्रोजेक्ट छलांग लगभग 2 वर्षों से कोलेबिरा और बानो के 50 स्कूल में चल रही है जिसमें 63 से 83 वर्ग के विद्यार्थियों को शारीरिक गतिविधियों कराई जाती है उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता स्कूल गर्मी छुट्टियों में एक माह के लिए परियोजना छलांग में चल रहे कार्यक्रमों को खेलकूद के साथ साथ गांव स्तर में बच्चों को उनका पढ़ाई पर ध्यान देंगे और गांव स्तर में इसका पहल कराएंगे। रश्मि होरो ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए खेल बहुत ही जरूरी है।

### सिमडेगा मारुति शोरूम में स्विफ्ट कार 2024 की हुई लांचिंग




**सिमडेगा।** सिमडेगा में मारुति शोरूम में सोमवार को मारुति अरीना की नई कार स्विफ्ट 2024 की की लांचिंग की गई। इस अवसर पर सिमडेगा स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक प्रीति बोदरा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक संजय कोड़ापे, प्रबंधक बैंक ऑफ महाराष्ट्र अशोक टोप्पो आजसू जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडेय, आजसू जिला सचिव विक्रांत कुमार उपस्थित थे। प्रेमसंस अरेना के रिलेशनशिप मैनेजर बसंत कश्यप ने नई स्विफ्ट में की गई तकनीकी बदलाव के बारे में बताया। कश्यप ने बताया की नई स्विफ्ट 2024 हॅचबेक कार है जिसमें सेफ्टी का विशेष ख्याल रखा गया है इस कर में 6 एयरबैग और 26 का पेट्रोल माइलेज उपलब्ध है जो इस सेगमेंट में बाकी कंपनियों से बेहतर है ।मौके पर प्रेमसंस मोटर प्राइवेट लिमिटेड के रिलेशनशिप मैनेजर अभय बाड़ा, मारुति नेक्सा के चंदन कुमार ,नितिन कुमार, विजय सिंह ,नारायण गुप्ता, सियानंद नायक उपस्थित थे।

### प्रतिबंधित हथियार के साथ गिरफ्तार व्यक्ति को अदालत ने सुनाई सजा

**सिमडेगा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरंजन सिंह की अदालत ने अवैध प्रतिबंधित कट्टा और गोली रखने वाले आरोपी राजेश साहू उर्फ चैतू साहू को 5 वर्ष की सजा एवं 5000 जुमार्ना की सजा सुनाई है। संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 104/12 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया की 14 अगस्त 2012 को 5:30 बजे गस्ती के दौरान गरजा चौक के पास पकड़ा था और इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत के द्वारा सजा सुनाई गई।

लंबित कार्य शीघ्र करें पूरा

उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

# अबुआ आवास ससमय पूरा करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, आधार, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, प्रतिदिन प्रति गांव औसतन पांच योजना का संचालन, एरिया ऑफिसर ऐप्प तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबुजा आवास आवास योजना, वीर शहीद फोटो हो खेल विकास योजना, सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की



गई। उपायुक्त द्वारा योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए पेड़ लगाने के लिए गड्ढा की खुदाई ससमय करते हुए पेड़ लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में अबुआ आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति मिली है उन सभी लाभुकों से ससमय निर्माण कार्य प्रारंभ करते हुए लक्ष्य के अनुरूप निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन योजना के अंतर्गत जिले में स्वीकृत सभी कूप निर्माण कार्य को बारिश शुरू होने से पहले पूर्ण कराने की बात कहीं।उपायुक्त ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे खेल मैदान निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिन प्रखंड में निर्माण कार्य अधूरे हैं उसे ससमय पूर्ण कराने की बात कहीं। साथ ही प्रतिदिन प्रति गांव औसतन पांच योजना का संचालन करते रहने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने मानव दिवस सृजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सुबह छह बजे से ही बूथ पर वोट करने पहुंच गए थे वोटर

**कोडरमा ।** कोडरमा लोकसभा चुनाव में सोमवार को हुए वोट के दौरान वोटरों में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह छह बजे से ही देने कमोबेश सभी बूथों पर वोटर समय से पहले ही पहुंच गए थे। हालांकि बूथों पर जैसे ही सात बजी, वोटिंग की घोषणा के साथ ही वोट चालू कर दी गयी। शुरूआत के साथ ही वोटरों की अच्छी -खासी लाइन लग गयी। इस दौरान वृद्ध, दिव्यांग और बच्चों के साथ वोट देने पहुंची माताओं को वोट डालने में प्राथमिकता दी गयी। ऐसे लोग प्रशासन समेत चुनाव आयोग के प्रति आभार जताया। फर्स्ट टाइम वोटर में खासा उत्साह देखा गया। कमोबेश सभी बूथों में जवानों की तैनाती रही। पानी, शेड की व्यवस्था थी, ताकि पानी के लिए लोगों को परेशानी झेलना नहीं पड़े।

## एक नजर

### भारत रबर कंपनी के मजदूर गए हड़ताल पर

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के गम्हरिया स्थित भारत रबर कंपनी प्रबंधन अपने ही मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार और वादा खिलाफी कर रहा है। जिसके विरुद्ध आज से मजदूर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उन्हें कोल्हान मजदूर अपना समर्थन दिया है, जिसके बाद सोमवार को मजदूरों ने कोल्हान मजदूर यूनियन के बैनर तले कंपनी गेट जाम करते हुए धरना पर बैठ गए हैं। बताया जाता है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा लोकसभा चुनाव के दिन मजदूरों को छुट्टी दिए जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ जो गहराता गया।इस समस्या को लेकर मजदूरों ने कोल्हान मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सह ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह से गुहार लगाई। कोल्हान मजदूर यूनियन के समर्थन के बाद मजदूरों ने हड़ताल करते हुए आज गेट जाम कर दिया है।

### महिला के गले से चेन छीनकर भाग रहे युवक को लोगों पकड़कर पीटा

**धनबाद।** धनबाद सदर थाना क्षेत्र के बेकारबांध के समीप सोमवार की शाम बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली. महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बताया गया कि पॉलिटेक्निक रोड निवासी महिला बाजार से सामान खरीदकर घर जा रही थी। युवक की पिटाई के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही थी। युवक रणधीर वर्मा चौक के समीप डोम पाड़ा का रहने वाला है। उसका नाम आकाश डोम है।

### चंद्रप्रकाश के काम व मोदी की गारंटी से लोगों का झुकाव एनडीए की ओर : लंबोदर

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने सोमवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया. कहा कि क्षेत्र में चंद्रप्रकाश चौधरी के काम व पीएम मोदी की गारंटी से लोगों का झुकाव एनडीए की ओर है. उन्होंने कार्यकताओं के साथ कसमार प्रखंड की सात पंचायतों में गए और गांव-गांव घूमकर लोगों से सीधा संवाद किया. जनसंपर्क की शुरूआत कसमार बाजार टांड़ से हुई जो कसमार, गर्री, मंजुरा, सोखाडीह, मायापुर, भुचुंगडीह, पारटांड़, मधुकरपुर, चंडीपुर, रानीटांड़, हंसलता, दांतू, सोनपुरा, कमलापुर, पोंडा, धधकिया, चट्टी, सुरजुडीह से लेकर बेंदोटांड़ गांव तक गई. डॉ. लंबोदर ने जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर लोगों से चंद्रप्रकाश चौधरी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में एनडीए का देश में 400 पार होना तय है. झारखंड की सभी 14 सीटें एनडीए के खाते में जाएंगी. सीपी चौधरी के पक्ष में पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में जोरदार लहर है. अभियान में विधायक की पत्नी कौशल्या देवी, जिप सदस्य अमरदीप महाराज,गंगाधर बैठा, पिंकू शर्मा, कमलकिशोर कपरदार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## पवित्रम संस्कार वाटिका में दो दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

# बच्चों को मिली योग, रचनात्मकता व भारतीय संस्कृति की शिक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/धनबाद।** पवित्रम मातृशक्ति द्वारा चल रहे दो दिवसीय पवित्रम संस्कार वाटिका कार्यक्रम का समापन बच्चों ने अपने-अपने माता-पिता की चरण वंदना करते हुए किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के साथ अग्निहोत्र करके किया गया था। इस अवसर पर पवित्रम सेवा परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भरतिया, हरिराम गुप्ता, किशन संधई, संजय सिंघल, परितुष अग्रवाल, अभिषेक जालान, आलोक डोकानिया, अभिषेक सिन्हा, हर्ष गुप्ता, महेंद्र भग्नानिया, अनिल जैन एवं मातृशक्ति की सभी बहनें उपस्थित थीं। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में आयोजित इस दो दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत बच्चों को योग, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, पर्यावरण, गो महत्ता, देश भक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी गई। पवित्रम मातृशक्तिपवित्रम सेवा परिवार का महिला आयाम है, जो बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के बीजारोपण का कार्य संस्थापक अजय भरतिया के मार्गदर्शन में कर रहा है।

अजय भरतिया ने बताया कि पवित्रम संस्कार वाटिका कार्यक्रम पिछले 5 वर्षों से चल रहा है। पहले 3 वर्ष ऑनलाइन हुआ था, जिसमें पूरे देश से विभिन्न राज्यों से हजारों बच्चे जुड़े थे। अभी 2 वर्षों से यह कार्यक्रम ऑफलाइन हो रहा है। विगत वर्ष धनबाद के अलावा अन्य जिलों में भी कार्यक्रम हुआ था। इस वर्ष रांची सहित अन्य शहरों एवं जिलों में इसे कराने की योजना है।

कार्यक्रम के दौरान सुबह बच्चों द्वारा गो पूजन भी किया गया। पर्यावरण को बचाने के लिए भी बच्चों से कई गतिविधियां एवं कार्यक्रम कराई गईं। व्यवस्था संचालन में पवित्रम मातृशक्ति की रीता सिंह, सीमा मित्तल, पूनम अग्रवाल, मीना डोकानिया, रानी लुहारूका, रीता बंसल, विभा अग्रवाल, अनिता डोकानिया, कोलकाता की मीना नागवान एवं अन्य सभी बहनों ने सहयोग किया।

यह जानकारी देते हुए पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि दो दिनों तक सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे। बहुत रुचि के साथ सभी ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेते हुए खूब मस्ती भी की। कार्यक्रम समापन के समय सभी अभिवावक बच्चों की गतिविधियां देख कर अभिभूत हो गए। पूरे कार्यक्रम का संचालन अजय भरतिया ने किया। बच्चों को मंत्रोच्चार के साथ गो पूजन, अग्निहोत्र, गायत्री मंत्र का पाठ, भोजन मंत्र सिखाने आदि सभी गतिविधिया उनके मार्गदर्शन में ही हुई।

# कोडरमा लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा का उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न

- वोट से पहले और वोट देकर दिखा लोगों के चेहरे में उत्साह
- समाजिक कार्यकताओं ने वोट प्रतिशत बढ़ाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा का उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान डाले गए। शाम पांच बजे जिला के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सामूहिक प्रेस वार्ता कर मतदान से संबंधित जानकारी साझा की। उपायुक्त सह जिला निवार्ची पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि पूरे कोडरमा संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ है। शाम पांच बजे तक का जो आंकड़ा सामने आया है। उसके मुताबिक कोडरमा लोकसभा में 61.6 प्रतिशत मतदान डाला गया है। जबकि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में 66.45 प्रतिशत वोटिंग हुई है। उपायुक्त ने कहा कई बूथों पर शाम पांच बजे के बाद भी मतदाता कतारबद्ध खड़े हैं, जिनका मतदान संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया वोटिंग शुरू होने के बाद पूरे क्षेत्र से 53 मशीनों को तकनीकी खराबी होने के कारण बदला गया। कहा राजधनवार, जमुआ, बगोदर, गांडेय के अलावा कोडरमा और बरकट्ठा विधानसभा मिलाकर कुल 2552 बूथों पर मतदान हुआ है। मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीनों को जिला मुख्यालय के पचम्बा स्थित बाजार समिति वज्रगृह में सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि पूरे संसदीय क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया है। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया मतदाताओं ने शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कहा चुनाव को सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। इधर समाजिक कार्यकताओं ने गाण्डेय विधानसभा चुनाव क्षेत्र और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के वोटरों को जागरूक करते हुए मतदान में शामिल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गांडेय की जनता का आशीर्वाद उनके पक्ष में : कल्पना सोरेन



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान के दौरान कोडरमा संसदीय क्षेत्र और गांडेय विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे और कतारबद्ध नजर आएं। इस दौरान गांडेय विधानसभा उप चुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने वोटिंग का जायजा लिया। कल्पना सोरेन ने बेंगाबाद और गांडेय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू साथ रहे। कल्पना सोरेन ने अलग अलग बूथों पर समर्थकों और वोटरों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर कल्पना ने कहा लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह है। बड़ेझबुजुर्ग, महिलाझपुरुष के अलावा विकलांग मतदाता भी उत्साहित हैं और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने पहुंच रहे हैं। लोगों का यह उत्साह काबिले तारीफ है। इसे देख कर काफी खुशी मिल रही है। उन्होंने कहा मतदाताओं का उत्साह बता रहा है कि गांडेय की जनता अपना आशीर्वाद दे रही है।

## बिरनी के विभिन्न बूथों पर कई दिव्यांगों ने किया मतदान



**बिरनी गिरीडीह।** कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को बिरनी के विभिन्न बूथों में मतदाताओं में जोश की कोई कमी नजर नहीं आई। मतदान करने के लिए लोग सुबह छः बजे से हीं लाइन में लग गए और घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। दोपहर तक धूप चढ़ते हीं मतदान के कतार में कुछ कमी आई; परंतु मतदाताओं का जोश बरकरार देखा गया। पुरुषों से लंबी कतारें महिलाओं की देखी गई। एक ओर जहां शारीरिक रूप से असमर्थ मतदाताओं के परिजन उन्हें उठा कर मतदान केंद्रों तक लाते देखे गए। दिव्यांग मतदाता भी अपना वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। एक दिव्यांग ने मतदान करने के बाद अपनी खुशी का इजहार किया।

### तिसरी प्रखंड में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान



**गिरिडीह।** सोमवार को तिसरी प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो गया। इस दौरान प्रखंड के 90 बूथों पर लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान को लेकर वृद्ध - वृद्धाओं में काफी उत्साह देखा गया। कई दिव्यांग वृद्धाओं ने भी अपना मतदान कर लोकतंत्र के मजबूती में अपना योगदान दिया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनके अनुज नुनुलाल मरांडी ने तिसरी के कोदईबांक स्थित मध्य विद्यालय के बूथ न.114 पर मतदान किया।

## झारखंड पब्लिक स्कूल ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

झारखंड पब्लिक स्कूल, कपाली ने चुनाव के महत्व को समझाने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत स्कूल के सहयोगी संयोजक शाहजेब अहसन और शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर कपाली के गौसनगर, ताजनगर, टी ओ पी चौक, हरिमंदिर और उनके आसपास में पोस्टर लगाए और लोगों में जागरूकता फैलाई। इस अभियान के द्वारा 25 तारीख को बूथ पर जाकर अपना मतदान करने की महत्वत को बताया गया। मतदान करना हमारा अधिकार है, यह संदेश सभी तक पहुंचाया गया।शाहजेब अहसन ने बताया कि हमारे बच्चे देश का भविष्य हैं और आने वाले दिनों में युवा मतदाता के रूप में अपना मत देंगे। इस अभियान के माध्यम से बच्चों में भी मतदान के प्रति जागरूकता हुई। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने इस अभियान को समर्थन दिया और छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के महत्व को समझाने के लिए संगठन किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में चुनाव के प्रति जागरूकता और सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना था।

# गोलमुरी बाजार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो लाख का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत गोलमुरी बाजार स्थित राहुल अग्रवाल के आवास में सोमवार सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई. कमरे से धुआं निकलता देख पहले तो राहुल अग्रवाल ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जब आग बेकाबू हो गई तो वे परिवार संग घर से बाहर निकल गए। इधर, सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक और टाटा मोटर्स का एक दमकल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गया। दमकल कर्मियों ने घर पर रखे तीन गैस सिलेंडर को बाहर निकाला। सिलेंडर में आग लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।हालांकि इस आग से घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। राहुल ने बताया कि वे घर पर थे, तभी अचानक स्विच बोर्ड में स्पार्क के साथ धुआं निकलने लगा। धुआं देख पहले तो बिजली सप्लाई बंद करने की कोशिश की गई, पर धुआं निकलने के थोड़ी देर बाद ही स्विच बोर्ड में आग लग गई। वे परिजन संग घर से बाहर आ गए और अग्निशमन विभाग को फोन किया। घर में रखा फ्रिज, फर्नीचर और दरवाजे पूरी तरह से जल चुके हैं।

# सीपी चौधरी ने दर्जनों गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

- लोगों से की एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील



**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**

एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को डुमरी प्रखंड के दर्जनों गांवों में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 25 मई को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।इस दौरान सभी गांवों में लोगों की उमड़ी। भीड ने प्रधानमंत्री के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं एनडीए प्रत्याशी सह सांसद द्वारा जनहित में किये गए कार्यों पर भरोसा जताते हुए अपना मत रुपी समर्थन देने का भरोसा दिया।एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी ने प्रखंड के मधगोपाली, तांबागुड़ियो, असुरबांध, टिंगरा, भरखर, चेगरो, चीनो, कल्हाबार, अतकी, जामतारा, चैनपुर, डुमरी, डुमरचुटियो आदि गांवों में लोगों के साथ बैठक सह संवाद कर बीते 5 वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए अपने द्वारा किये गए कार्यों को बताकर लोगों से अपना समर्थन देने की अपील की। एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देशहित में और कई बड़े निर्णय लिए जायेंगे। इस दौरान उन्होंने 5 वर्षों में संसदीय क्षेत्र में किए गए कार्यों को गिनवाया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम करने का मुझे मौका मिला है। कई कल्याणकारी योजनाएं को हमने धरातल में उतारने का काम किया है।

साथ ही केंद्रीय विद्यालय का स्थापना किया गया, बाईपास रोड बनाने के साथ,जैनामोड़ से गिरिडीह-देवघर तक फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिल गई है।मेडिकल कॉलेज के लिए भी स्वीकृति मिल गई है। कृषि संबंधित प्रश्न पर जवाब दिया कि कृषि सम्मान निधि के द्वारा सभी कृषक को सम्मान देने का सफल प्रयास किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कृषको के लिए योजना शुरू किया गया है। जिसके तहत कृषकों को सिंचाई कुप, ट्रेक्टर, सिंचाई से संबंधित उपकरण मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे विश्वास है कि इसबार रिकॉर्ड मतों से मेरी जीत होगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत जयसवाल, प्रदीप साहू,कामाख्या गिरि आजसू नेता छक्कन महतो,सुबोध मिश्रा पंसस शम्भूनाथ महतो आदि दर्जनों एनडीए के नेता एवं समर्थक उपस्थित थे।

### स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने शिक्षकों ने चलाया अभियान

**बोकारो।** प्लस टू हाई स्कूल कसमार में नामांकित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व उन्हें नियमित विद्यालय आने को लेकर शिक्षकों ने सोमवार को अभियान चलाया. प्रयास कार्यक्रम के तहत अलग-अलग गतिविधियां चलाकर विद्यार्थियों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।स्कूल के शिक्षक डॉ।अवनीश कुमार झा, धनंजय कुमार, सुजाता कुमारी व नितेश कुमार प्रजापति ने टोला टैगिंग के तहत गर्री गांव का भ्रमण किया। टीम ने अभिभावकों व छात्र-छात्राओं से बातचीत की और बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज बॉक्स

### तिसरी के प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा उसके गांव, पसरा मातम



**गिरिडीह।** रोजगार की तलाश में तिसरी से बैंगलोर जा रहे प्रवासी मजदूर 23 वर्षीय उपेंद्र राय की रास्ते में हुई मौत के बाद सोमवार को उसका शव उसके पैतृक आवास खटपोंक पंचायत के देवानजोत पहुंचा। इस दौरान परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मौके पर स्थानीय मुखिया समेत कई लोग जुटे जिसके बाद मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। बताया गया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी के सहयोग से मृतक के शव को मंगवाया गया। बताया जाता है कि उपेंद्र के पिता सुरेश राय भी एक प्रवासी मजदूर हैं वे गुजरात में मजदूरी करते हैं। वहीं उपेंद्र भी रोजगार के लिए मंगलौर के लिए निकला था,कोलकाता के हावड़ा से उसका टिकट था। सफर के दौरान उपेंद्र की तबियत बिगड़ने लगी। उसे बार -बार उल्टियां होने लगी, ट्रैन में अधिक भीड़ होने के कारण उसे घुटन सी महसूस होने लगी। जिसके बाद 16 मई की रात्रि में तमिलनाडु के ईरोड जक्शन पर उतर गया। अगले दिन परिजनों को रेलवे पुलिस द्वारा उसकी मौत की खबर मिली। उपेंद्र का विवाह पिछले वर्ष ही हुआ था। उसके माता - पिता,पत्नी समेत परिवार के लोगों का रो- रो कर बुरा हाल है।

### झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी सेनानियों ने समीर को दिया समर्थन

**घाटशिला।** झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी सेनानी की बैठक सोमवार को माझी परगना महाल भवन पावड़ा में प्रो। श्यामचंद मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंड से झारखंड अलग राज आंदोलनकारी सेनानी शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए दुखी मांडी ने कहा कि मौजूदा समय में राष्ट्र निर्माण को लेकर चुनाव हो रहा है इसलिए हम सभी अलग राज्य निर्माण सेनानी का यह दायित्व बनता है कि राष्ट्र निर्माण में भी अपने मताधिकार का प्रयोग करें ।

### इंडी वाले खीर और एनडीए वाले हीरा की कर रहे हैं चोरी : समीर

**घाटशिला।** इंडी महागठबंधन की ओर से सोमवार को दाहीगोड़ा स्थित पार्टी के चुनावी कार्यालय में गठबंधन के सझा प्रत्याशी समीर कुमार माहंती ने कहा कि महागठबंधन के लोग तो खीर की चोरी कर रहे हैं जबकि एनडीए गठबंधन हीरा की चोरी करता हैं। इसका साक्षात उदाहरण है कि हीरा पर 3 प्रतिशत टैक्स तो गरीब के बच्चों की किताब कॉपी में 18 प्रतिशत टैक्स वसूल रही है। श्री महंती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घाटशिला की जनता का घोर अपमान किया है।

### तेतला के डेटन इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप शुरू



**जादूगोड़ा।** टाटा हाता मेंन रोड स्थित डेटन इंटरनेशनल स्कूल, तेतला में 20_ 23 मई तक समर स्किल कैंप की आज से शुरूआत की गई. इधर इस स्किल कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को निखारना एवं उन्हें अनुशासित बनाना है. इधर समर स्किल कैंप पहले दिन में आर्ट एंड क्राफ्ट पर प्रशिक्षण दिया गया. स्किल कैंप में किसी भी ऑब्जेक्ट से डाई बनाना एवं डाई से ऑब्जेक्ट को आकार देना सिखाया गया. प्राइमरी रंगो से अन्य रंगों का निर्माण से भी बच्चे अवगत हुए.यह प्रशिक्षण, फाइन आर्ट के क्षेत्र में विख्यात एवं कई पुरस्कारों से सम्मानित जमशेदपुर के कलाकार श्री राजू मुखी के द्वारा जा रही है. इस बाबत राजू मुखी ने कहा कि रंगों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

### देर रात जंगली हाथी ने विद्यालय और कई घरों पर धावा बोला

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सांड्रा पंचायत अंतर्गत लोधनवनी व पानीशोल गांव में देर रात एक जंगली हाथी ने बनाया कई घरों सह विद्यालय को निशाना। मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 2:30 बजे के करीब जंगली हाथी द्वारा लोधनवनी गांव के सचिन महतो,गणेश सिंह ,भोलानाथ बागाल ,मनसा बागाल ,संजीत महाली के घरों को तोड़ दिया तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोधनबनी के दरवाजा व खिड़की को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके तत्पश्चात ग्रामीणों द्वारा हाथी को भगाने के दौरान पानीशोल गांव के मधु महाली के घर पर भी हमला कर दिया तथा उनके घर के एज्बेस्टर एवं दीवार को तोड़ दिया।

### ड्रग्स माफिया मशरूर के घर से प्रतिबंधित सिरप बरामद

**किरीबुरु।** चाईबासा एवं जगन्नाथपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौलानगर निवासी मशरुर आलम उर्फ कोटे, पिता स्व0 मोहीदीन के आवास पर छापेमारी की गई. इस दौरान प्रतिबंधित कोडिन तनरेक्स कफ सिरप (100 एमएल) का 600 पीस, कोडिन विनसिरेक्स कफ सिरप (100 एमएल) का 174 पीस, नगद दो लाख अठारह हजार दो सौ रुपए के अलावे मारूति 800 कार एवं बिना नंबर का होण्डा डियो स्कूटी बरामद की गई। छापेमारी के दौरान ड्रग्स माफिया मशरुर आलम भागने में सफल रहा। पुलिस उसके तलाश में जुट गई है।

### दिल्ली से गलत ट्रेन में बैठकर साहेबगंज की नाबालिग लड़की पहुंची चक्रधरपुर

**घाटशिला।** दिल्ली से गलत ट्रेन में बैठककर साहेबगंज की एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की चक्रधरपुर पहुंच गई।बताया जाता है कि चक्रधरपुर के पुराने प्रभात टॉकिज सिनेमा हॉल के समीप एक नाबालिग लड़की भटक रही थी। जब कुछ लोगों की नजर नाबालिग पर पड़ी तो इसकी सूचना पत्रकारों को दी। वहीं इस बारे में पारिवारिक परामर्श केन्द्र के राजेश तिवारी व उनके टीम को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद राजेश तिवारी व उनके टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और नाबालिगा से पूछताछ किया।नाबालिग के बताया कि उसका नाम तालकुड़ी सोरेन है।हालांकि नाबालिगा अपने गांव का पूरा सही तरीके से नहीं बता पा रही थी। इसके बाद उसके पास से मिले आधार कार्ड से पता चला कि नाबालिगा के पिता का नाम प्रगन सोरेन है और वह साहेबगंज के फुइभांगा गांव की रहने वाली है।

**सुप्रभात**

**किसी के प्रति नफरत और ईर्ष्या रखने से जीवन में कोई भी खुशी नहीं प्राप्त की जा सकती : गौतम बुद्ध**

## प्लास्टिक प्रदूषण अंतराष्ट्रीय समस्या

***हाल*** ही में कनाडा की राजधानी ओटावा में प्लास्टिक प्रदूषण पर अंतरराष्ट्रीय संधि के लिए गहन मंथन के बाद राष्ट्रों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि के प्रारूप पर सहमति बनी, जो इसी वर्ष के अंत में बुसान में होने वाली बैठक में सहभागियों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। प्लास्टिक प्रदूषण से दुनिया का कोई भी राष्ट्र अछूता नहीं है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र एक बाध्यकारी संधि के लिए पहल की है। प्लास्टिक प्रदूषण से समस्त मानवता और जैविक सभ्यता निरंतर प्रभावित हो रही है। 20वीं सदी की महान उपलब्धि प्लास्टिक धीरे-धीरे संपूर्ण मानव सभ्यता व प्रकृति के लिए एक बड़े संकट के रूप में प्रकट हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में एक ही बार उपयोग में आने वाली प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, लेकिन अब भी प्रतिवर्ष 600 अरब डॉलर मूल्य का करीब 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। यह उत्पादन 2050 तक करीब 100 करोड़ टन प्रतिवर्ष से भी बढ़ जाएगा। तथ्य यह है कि जितने प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है, उसके नौ फीसदी की ही रीसाइक्लिंग हो पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार, अधिकांश प्लास्टिक या तो खुले में जलाया जा रहा है या यत्र-तत्र फेंक दिया गया है। दीर्घ आयु होने के नाते इसका निरंतर उपयोग या दुरुपयोग होता रहता है। इन्हीं वजहों से वर्ष 2040 तक सभी प्रकार के प्लास्टिक उत्पादन को 60 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है, अन्यथा यह चक्र कभी रुकने वाला नहीं है। प्लास्टिक के समर्थक तर्क देते हैं कि इससे 3.5 फीसदी ही कार्बन उत्सर्जन होता है, लेकिन प्लास्टिक की पहुंच और भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पश्चिम प्रशांत महासागर में 36,000 फुट की गहराई और माउंट एवरेस्ट की 29,000 फुट ऊंचाई तक प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक पाया गया है। यह तो वह प्लास्टिक है, जो हम प्रत्यक्ष रूप में देखते हैं। व्यापक जनजागृति और तमाम प्रयासों के बावजूद हम अपने शरीर में जगह बना चुके प्लास्टिक से बेखबर हैं। हमें इसका जरा भी इल्म नहीं है कि प्लास्टिक के साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कई प्रकार के रसायन हमारे शरीर में प्रवेश कर चुके हैं। संभवतः इस पृथ्वी पर अब ऐसा कोई भी स्थान शेष नहीं है, जहां प्लास्टिक न हो। भोजन, पानी, वस्त्र, आदि के जरिये प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। यहां तक कि सौंदर्य प्रसाधन एवं स्वास्थ्य रक्षा हेतु भी प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। बीस वर्ष पूर्व पहली बार छोटे प्लास्टिक यानी 2-5 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक के कणों की खोज हुई, जो प्लास्टिक के बड़े टुकड़ों के टूटने से बने थे। फिर नैनो प्लास्टिक का पता चला, जो अत्यंत ही सूक्ष्म आकार के होते हैं। नैनो प्लास्टिक अपने सूक्ष्म आकार के कारण सामान्य दृष्टि से ओझल रहते हैं और विभिन्न माध्यमों से हमारे शरीर में पहुंचकर ऊतकों में जमा हो जाते हैं तथा दूरगामी असर पैदा करते हैं। विभिन्न अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि बढ़ते कैंसर, दिमागी रक्तस्राव जैसी गंभीर अवस्थाओं के लिए प्लास्टिक भी बहुत बड़ा कारक है। प्लास्टिक मुक्त वातावरण की संकल्पना के लिए सबसे बड़ा अवरोध है इसका सार्थक विकल्प न होना। यदि कुछ विकल्प सुझाए भी गए हैं, तो वे सुगमता की कसौटी पर प्लास्टिक से कोसों दूर हैं। बहरहाल इस विकट समस्या से निजात पाने के लिए जरूरी है, प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग व पुनः उपयोग की व्यवस्था को सुदृढ़ करना। भारत में स्वच्छ भारत अभियान के बाद प्लास्टिक उपयोग में सांकेतिक रूप से कमी आई है। अनेक स्टार्ट अप के माध्यम से प्लास्टिक संग्रहण, पृथकीकरण एवं पुनः उपयोग के कार्यों में तेजी आई है। लेकिन ये सभी प्रयास सूक्ष्म एवं नैनो प्लास्टिक को रोकने में कहीं कारगर नहीं है। जब तक हर व्यक्ति निजी स्तर पर प्लास्टिक के उपयोग से परहेज नहीं करेगा, तब तक इससे निजात पाना असंभव है। नीतिगत स्तर पर प्लास्टिक उत्पादन में कमी लाने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। जब तक प्लास्टिक के उपयुक्त विकल्प नहीं मिलते, रीसाइकल एवं अपसाइकल को प्रोत्साहित करने की नीति अपनानी होगी। खुले में छूटा प्लास्टिक सृष्टि पर आक्रमण की क्षमता रखता है। विनाश से बचने के लिए हर व्यक्ति को उत्तरदायी होना होगा। प्लास्टिक का न्यूनतम अथवा वर्जित उपयोग सबके हित में है।

इन दिनों

# ऐसे सजे मतदान केंद्र और चुस्त दुरूस्त व्यवस्था के निहितार्थ


विजय केसरी

***आज*** देश में अठारहवें लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण पूरा हो गया है। अब सिर्फ दो चरणों के ही चुनाव होना बाकी है। अब तक पांच चरणों के चुनाव शांतिप्रिय ढंग से ही संपन्न हुए। चुनाव के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना जैसी सूचना नहीं मिली है। साथ ही आज झारखंड के तीन संसदीय क्षेत्र क्रमशः हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में मतदान शांतिप्रिय ढंग से संपन्न हो गए हैं। इन तीनों संसदीय क्षेत्रों से भी कहीं कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। जबकि ये तीनों संसदीय क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में चिह्नित हैं। पूर्व में इन संसदीय क्षेत्रों में हुए चुनावों में कहीं न कहीं कोई अप्रिय घटना की सूचना मिलती रहती थी। लेकिन इस बार ऐसी कोई सूचना नहीं प्राप्त हो पाई है। हमारे देश के कई पार्टियों व दलों के नेताओं ने ईवीएम मशीनों पर बड़ा सवाल उठाया था। लेकिन जमीनी तौर पर मतदाता ईवीएम मशीनों पर मतदान कर हर्ष महसूस कर रहे हैं। इस बार मतदान केदो को दुल्हन की तरह सजा दिया गया। ऐसे सजे धजे मतदान केदो को देखकर मतदाता अभिभूत थे। हर एक मतदान केदो को बहुत ही अच्छे ढंग से कागज के बने फूलों और बैलून से सजाया गया। ऐसे मतदान केदो को देखकर शादी घर की याद आ जाती है। मतदान केंटो पर स्त्री और पुरुषों के लिए दो-दो लाइनें बनी हुई हैं। बारी-बारी से दो स्त्री और दो पुरुषों को मतदान के अंदर भेजा जा रहा था। प्रचंड गर्मी पड़ रही है, इसे ध्यान में रखकर छावनी की व्यवस्था की गई । ताकि मतदाताओं को सीधे सूरज की किरणें न पड़े। मतदान केंद्रों पर ड्यूटी में तैनात पोलिंग अधिकारी से मतदान करने के तरीके पूछे जाने पर वे बड़े ही सहजता के जानकारी दे रहे थे। मतदान केदो पर पुलिस की बहुत ही चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई। मतदाता गण पहचान पत्र और निर्वाचन पत्र दिखाकर ही मतदान कर रहे थे। चुनाव के दौरान हर एक मतदान केदो पर पुलिस व्यवस्था इतनी अच्छी थी कि कोई चाह कर भी बोकस मतदान नहीं कर सकता। हर एक मतदान केदो के बाहर चलंत शौचालय की व्यवस्था की गई थी। मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की गई। कुछ समाजसेवी संगठनों द्वारा इन केदो पर मतदाताओं के लिए बिस्कुट की भी व्यवस्था की गई। बूढ़े से बूढ़े स्त्री - पुरुष मतदाता भी मतदान कर रहे थे। बूढ़े मतदाताओं को ड्यूटी पर तैनात स्त्री-पुरुष पुलिसकर्मी सहारा देकर अंदर ले जा रहे हैं। मतदाताओं को सरकारी स्तर पर ऐसा आतिथ्य पहली बार देखने को मिल रहा था। चुनाव आयोग की ऐसी व्यवस्था को देखकर मतदाता अभिभूत हैं। देश में सत प्रतिशत मतदान हो, इस निमित्त चुनाव आयोग द्वारा 'चुनाव पर्व' प्रचार वाहन चुनाव जारी किया गया। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में ये चुनाव पर्व प्रचार वाहन बीते कई दिनों से चुनाव प्रचार कार्य में लगे हुए थे। ये चुनाव पर्व प्रचार वाहन सुदूर से सुदूर गांवो में भी जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागृत कर रहे थे। 20 मई, मतदान के दिन भी ये चुनाव पर्व प्रचार वाहन घूम घूम कर लोगों को मतदान करने के लिए अपील कर रहा था। प्रचार वाहन द्वारा जिस तरह के संवाद प्रेषित किए जा रहे थे, मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने की दृष्टि से बहुत ही विशिष्ट पंक्तियां दर्ज थीं। ऐसे प्रचार से मतदाताओं में निश्चित तौर पर जागृति आई होगी। गत लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार के चुनाव में मतदान का प्रतिशत जरुर बढ़ेगा। 26 जनवरी, 1950 को भारत की संसद ने भारत का संविधान पारित किया था। इस पारित संविधान के आधार पर भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। तब देश की आबादी लगभग 32 करोड थी। 1950 में भारत का संविधान पारित हो जाने के बाद ही देश में लोकतांत्रिक तरीके से निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में केंद्रीय नेताओं के बीच बातचीत होनी शुरू हो गई थी। देश की तत्कालीन सरकार ने उसी वर्ष भारत में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक चुनाव आयोग का गठन किया था। भारत सरकार के नौकरशाह सुकुमार सेन को भारत का पहला चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था। तब देश के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली थी। हमारे संसद के माननीय सांसद गण देश भर से मनोनीत किए गए थे। इन्हीं मनोनीत संसद सदस्यों के सवार्नुमति से पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री बने थे। 1952 में देश में पहली बार लोकसभा का चुनाव हुआ था। उस कालखंड में देश में 489 लोकसभा संसदीय क्षेत्र थे । 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में 1874 उम्मीदवार खड़े हुए थे । इस चुनाव में 53 राजनीतिक पार्टियों उतरी थीं। जिसमें सिर्फ 14 राष्ट्रीय पार्टियों थीं। तब आज की तरह चुनाव आयोग का वह स्वरूप नहीं था । 1952 में देश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराना भारत सरकार सहित प्रथम चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन के लिए भी एक बड़ी चुनौती थी। प्रथम चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन ने इस चुनौती को पूरी शिद्दत के साथ स्वीकार किया। 1952 में उन्होंने प्रथम लोकसभा का चुनाव समय पर संपन्न करवाया था। 1952 में देश में हुए प्रथम लोकसभा चुनाव में मतदान क 46.7 प्रतिशत रहा था। देश के प्रथम चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन सीमित संसाधनों के बीच देश भर में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराकर एक अमित छाप छोड़ गए। उनके इस सेवा को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। मैं, देश के सातवें लोकसभा चुनाव 1980 से मतदान कर रहा हूं। आज 20 मई, 2024 को मतदान करने का जो सुखद अनुभव हुआ, वह अभूतपूर्व है। मैं समझता हूं कि चुनाव आयोग की ऐसी व्यवस्था देखकर सभी मतदाता अभिभूत होंगे। इस बदलाव के लिए चुनाव आयोग की जितनी भी सराहना की जाए कम होगी। तब 1980 में मत पत्र के माध्यम से मतदान देने की व्यवस्था थी। मत पत्र पर मतदान करने की व्यवस्था रहने के कारण मत पत्र लूटे जाने की खबरें देश भर से सुनने को मिलती रहती थी। लेकिन ईवीएम मशीनों के चलन से ऐसी सूचनाएं सुनने न के बराबर मिलती हैं। देश में हो रहे अट्ठारहवें लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से कराने में चुनाव आयोग की सराहना देश भर में हो रही है। किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए चुनाव एक पर्व के समान होता है। वर्तमान चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इसे सच साबित कर दिखाया है। चुनाव आयोग, भारत सरकार से अलग एक स्वतंत्र इकाई है, जो भारत सरकार का ही एक अंग है। जिस प्रकार देश की न्यायपालिका एक स्वतंत्र इकाई है, ठीक उसी प्रकार चुनाव आयोग भी भारत सरकार की एक स्वतंत्र इकाई है। चुनाव आयोग पर भारत के संविधान में प्रदत्त अधिकारों के तहत पुरी निष्पक्षता और लोकतांत्रिक तरीके से देश में चुनाव कराने की जवाबदेही होती है। चुनाव आयोग के निर्णय पर भारत सरकार का किसी भी तरह का कोई अंकुश नहीं होता है। हर संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले जिले के जिला आयुक्त ही एक निर्वाचन पदाधिकारी रूप में अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में चुनाव संपन्न करवाते हैं। हर संसदीय क्षेत्र के जिला आयुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी को चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करना पड़ता है। अब सिर्फ दो चरणों के चुनाव शेष रह गए हैं। उम्मीद है कि जिस तरह पांच चरणों में चुनाव शांतिप्रिय ढंग से हुए, आगे भी इसी तरह सम्पन्न होंगे।





**( कथाकार/स्तंभकार ) पंच मंदिर चौक, हजारीबाग**

## आपकी बात

### बुनियादी सवाल गौण

**भाजपा/ कॉंग्रेस/ झामुमों जनता के बुनियादी सवालों को गौण कर जनता के सवालों को हासिये में रख कर चुनाव लड़ रही है जो जनता के लिए शुभ संकेत नहीं है।**


विजय शंकर नायक

उपरोक्त बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने आज हो रहे चुनाव में जनता के सवालों को हासिये में रखकर चुनाव लड़ रही भाजपा झामुमो-कांग्रेस पर तीखे तंज करते हुए उक्त बातें कहीं। इन्होंने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी हो चाहे कांग्रेस- झामुमो पार्टी हो सभी जनता के बुनियादी सवालों को गौण में रखकर चुनाव लड़कर सत्ता की मलाई चाटने का कुत्सित प्रयास कर रही हैं जो जनता के लिए शुभ संकेत नहीं है । श्री नायक ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी लव जिहाद, लैंड जिहाद ,राजनीतिक जिहाद ,आंतकवाद, 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों को रखकर चुनाव लड़ रही है और जनता के जो बुनियादी मुद्दे हैं उसे आगे नही कर चुनाव नहीं लड़ना चाह रही है तो दूसरी और कांग्रेस सिर्फ संविधान बचाने, आरक्षण बढ़ाने,राफेल तथा सिर्फ मोदी फोबिया एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा हेमंत सोरेन को जेल भेजने जैसे मुद्दों को ही सिर्फ खड़ा कर जनता से अपना वोट लेने का प्रयास कर रही है इससे जनता का भला कभी भलाई नहीं होने वाला है । आज कोई भी पार्टी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना ,जल ,जंगल ,जमीन की लूट, केंद्रीय कानून को सख्ती से जनहित में लागू करना विभिन्न जनता के जनहित वाले अयोग को मजबूत करने के सवाल को खड़ा नहीं करना चाहती है को मुद्दा नहीं बनना चाहती और सिर्फ येन केन प्रकरेण चुनाव जीतकर सत्ता का मठाधीश बनकर सिर्फ सत्ता की मलाई चाटने का प्रायस किया जा रहा है और जनता को बेवकुफ बनाया जा रहा है ।

**राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

ग्लोबल वार्मिंग

## उत्तराखंड में आग से दहकते पर्वतीय जंगल, जिम्मेदार कौन?


डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

***हमारी*** वजह से बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग और गलतियों की वजह से उत्तराखंड के खूबसूरत जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आईआईटी रुड़की के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन डिजास्टर मिटिगेशन ऐंड मैनेजमेंट विभाग के प्रो. पीयूष श्रीवास्तव और प्राइम मिनिस्टर रिसर्च फेलो आनंदू प्रभाकरन ने हाल ही में जंगलों की आग को लेकर विशेष अध्ययन किया है। प्रो. पीयूष बताते हैं कि सन 2013 से सन 2022 तक उत्तराखंड का करीब 23 हजार हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया है। इसके पीछे बेहद जटिल भौगोलिक स्थितियां भी कारण रही है। वहीं मिश्रित जंगलो का होना सूखी पत्तियों और चीड़-देवदार के निडिल का ईंधन है, जिन्हें ड्राई फ्यूल कंडिशन कहते हैं। हम इंसानों द्वारा गलती से या जानबूझकर लगाई गई आग भी पहाड़ की बबार्दी का कारण बन रही है। चीड़ की पत्तियां, जिन्हें पिरूल कहा जाता है, गर्मी होते ही वह हवा के साथ पेड़ों से झड़ने लगती हैं और इनमें आग बहुत तेजी से फैलती है। इसी तरह गर्मी के सीजन में चीड़ के जंगलों में लीसा निकालने का सीजन शुरू हो जाता है। इसका लीसा इतना ज्वलनशील होता है कि उसमें लगी आग पर काबू पानी बहुत मुश्किल हो जाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं जंगलों में लगी आग का जायजा लेने रुद्रप्रयाग पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ''वनाग्नि को रोकने के लिए सरकार 'पिरूल लाओ-पैसे पाओ' मिशन पर भी काम कर रही है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल कलेक्शन सेंटर पर 50 रुपये किलो की दर से पिरूल खरीदा जाएगा जिसे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा संचालित किया जाएगा।'' जंगलों में लगी भयानक आग की वजह से हवा की गुणवत्ता बिगड़ रही है। हवा में ज्यादा कार्बन कण मिल रहे है। तेज चलती हवा के साथ ये प्रदूषित कण दूर-दूर तक फैल रहे हैं। ये प्रदूषित कण ग्लेशियरों पर जमा होंगे। इससे ग्लेशियर के पिघलने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में चमोली और केदारनाथ जैसे हादसे भी हो सकते हैं। इन दिनों अल-नीनो की वजह से गर्मी बढ़ी हुई है, हीटवेव चल रही है। पारा ऊपर है। सर्दियों के मौसम में बारिश कम हुई है। सन 2015-16 में भी ऐसी ही हालत बनी थी। तब यानी सन 2016 में 4400 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आए थे।

> **हम इंसानों द्वारा गलती से या जानबूझकर लगाई गई आग भी पहाड़ की बबार्दी का कारण बन रही है। चीड़ की पत्तियां, जिन्हें पिरूल कहा जाता है, गर्मी होते ही वह हवा के पेड़ों से झड़ने लगती हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




## सामाजिक एकजुटता से होगा आतंकवाद का खात्मा


डॉ. रमेश ठाकुर

***21*** मई की तारीख आतंकवाद को खत्म करने और शांति-सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। देशवासी हमेशा से महसूस करते आए हैं कि कैलेंडर में टंगी 21 मई की तारीख प्रत्येक भारतीयों के लिए सदैव मनहूस ही रहेगी, क्योंकि ये वही डेट है जिसने भारत के 6वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौत मुकर्रर की थी। आज उनकी पुण्यतिथि भी है। राजीव की हत्या के बाद ही सालाना 21 मई को ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्न को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई। राजीव गांधी की 21 मई 1991 को मद्रास के पास एक गांव श्रीपेरंबुदूर में 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' की महिला सदस्य ने मानव बम बनकर हत्या कर दी थी। तब, केंद्र में आई अगली वीपी सिंह सरकार ने इस दिन को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में दर्ज करवाया। 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी' दिवस स्मरण, चिंतन और कार्रवाई का दिन है। ये सच है, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल विनाश की भाषा समझते हैं। बेकसूर लोगों का सिर्फ लहू ही पीना जानते हैं। केंद्र व राज्य सरकारें डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवाद से बचाव और उनके मंसूबों को परखने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार करती रहती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि ये देशवासियों को अपने दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने और सावधान रहने को आग्रह करता है। साथ ही अपने मतभेदों को दूर करने और सौहार्दपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के लिए प्रोत्साहित कर अमन-शांति को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है। इसके अलावा ये दिन हमें ये भी अहसास कराता है कि आज के वक्त में समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। आतंकवाद विरोधी दिवस देशवासियों को आतंक के खतरनाक प्रभावों के संबंध में तसल्ली से जागरूकता पैदा करता है। भारत का गुजरा समय कुछ ऐसा था। जब देशवासी अपने भीतरी 'लिट्टे नामक आतंकवाद' का दंश झेल रहे थे। जो चारों ओर खूनी कहर बरपा रहा था। गनीमत ये थी उसका प्रभाव दक्षिण राज्यों में ही ज्यादा रहा। कहने को, ये उग्रवादी अलगाववादी समूह श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था। लेकिन उनकी हरकतें कहीं से भी मातृभूमि के लिए लड़ने वाली नहीं लगती थीं। क्योंकि ये संगठन अपने ही सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार रहा था। राजीव गांधी की हत्या भी बड़ी साजिश का हिस्सा थी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। महिला हमलावर ने बकायदा राजीव के पास आकर उनके पैर छुए और मानवबम का बटन दबाकर विस्फोट कर उन्हें उड़ा दिया। उस दर्दनाक घटना ने समूचे हिंदुस्तान को झकझोर दिया था। पर, उसके बाद यहीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने कमर कसी, कई ऑपरेशन चलाए, जिसका नतीजा ये हुआ, कुछ वर्षों के भीतर लिट्टे का नाम पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

### प्रेम मंदिर वृंदावन

इसके अलावा मंदिर के बाहरी हिस्से में 84 पैनल भी लगाए गए हैं और श्री कृष्ण के प्रेमपूर्ण अतीत को प्रदर्शित किया गया है। इसके मंदिर में कृष्ण लीला और चमत्कार के चित्र भी मंदिर के अंदर देखें जा सकते हैं। बता दें कि प्रेम मंदिर की पहली मंजिल में भगवान कृष्ण और राधा की आकर्षक मूर्तियां स्थित हैं और दूसरी मंजिल भगवान राम और सीता को समर्पित है।

**4. प्रेम मंदिर खुलने का समय**

प्रेम मंदिर सुबह के 5:30 बजे खुला जाता है और रात 8:30 बजे बंद हो जाता है। लेकिन दर्शनार्थी को दर्शन का कुछ समय निश्चित किया गया है जो की कुछ इस प्रकार है। प्रेम मंदिर में सुबह 5:30 बजे से 6:30 बजे के बीच दर्शनार्थी आरती और परिक्रमा के लिए खुला रहता है।



सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे के बीच प्रेम मंदिर भोग के लिए द्वार बंद कर दिए जाते है।
सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक दर्शन के लिए प्रेम मंदिर के द्वार खोल दिए जाते है।
प्रेम मंदिर वृंदावन दोपहर के 12:00 बजे से शाम के 4:30 बजे तक बंद रहता है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### जियो के ग्राहक हैं तो ऐसे उठाएं फ्री डाटा का मजा

इसके अलावा आप डेली 100 एसएमएस इस ऑफर में कर सकते हैं। OTT इस पर आपको मिलेगी और इसके अलावा अनलिमिटेड कॉल्स तो आपको मिलने ही वाले हैं। इस प्लान की वैध्यता की बात करें तो 28 दिनों के लिए यह प्लान मान्य है।



**749 रुपए प्लान**

अगर आप रुपए का 749 वाला प्लान रिचार्ज करते हैं तो आपके यहां पर 2जीबी का डाटा रोज मिलने वाला है तो वहीं आपको इस प्लान के साथ ही एक्स्ट्रा 20 जीबी का डाटा आपको मिलेगा और साथ ही आप 100 एसएमएस रोज फ्री में कर सकते हैं। अनलिमिटेड कॉल्स तो इसके साथ है ही, तो यह प्लान 90 दिनों के लिए मान्य है।

**1198 रुपए प्लान**

बता दें कि रुपए के जियो के इस 1198 रुपए वाले प्लान में आपको डेली 2 जीबी डाटा मिलेगा। इसके अलावा एक्स्ट्रा 18 जीबी डाटा भी आपको मिलने वाला है। वहीं अगर आप OTT के शौकीन हैं तो इस पर आपको OTT भी देखने को मिलने वाला है और 100 एसएमएस भी फ्री में कर सकते हैं और अनलिमिटेड कॉल्स इस ऑफर के तहत कर सकते हैं यह प्लान 84 दिनों के लिए मान्य है।

**4498 रुपए वाला प्लान**

इस प्लान के तहत आपको जियो रोज 2ऋ डाटा दे रहा है और एक्स्ट्रा 78 जीबी डाटा आपको इस प्लान के साथ मिलने वाला है। वहीं इस प्लान में भी आपको OTT का लाभ मिलेगा, तमाम OTT चैनल आपको इस प्लान में मिलेंगे और अनलिमिटेड कॉल्स के साथ-साथ आप इसमें 100 एसएमएस रोज भेज सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ईरान में 5 दिन का राष्ट्रीय शोक मो. मोखबर होंगे अंतरिम राष्ट्रपति

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पायलट व क्रू मेंबर सहित नौ लोगों की मौत

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत पर देश में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दुर्घटना में हेलीकॉप्टर में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई है। खामेनेई ने मोहम्मद मोखबर को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने को मंजूरी दी है। दुनिया के प्रमुख नेताओं ने राइसी के निधन पर शोक जताया है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं।

**कौन-कौन थे हेलीकॉप्टर में**

हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री होसैन के अलावा पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम, एक पायलट, को-पायलट, क्रू चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड सवार थे। ईरान के आपदा प्रबंधन संगठन प्रमुख मोहम्मद हसन नामी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के शवों की पहचान कर ली गई है। डीएनए परीक्षण कराने की कोई आवश्यकता नहीं है।



इब्राहिम रईसी
राष्ट्रपति



अमीर अब्दुलाहीन
विदेश मंत्री



सैयद मो. अलीअले
अजरबेजान, लीडर



मलिक रहमति
अजरबेजान, गर्वनर

**1.** रईसी अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ बांध का उद्घाटन करने गए थे।

**2.** उनका हेलीकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

**3.** सभी शवों की हुई पहचान, अब डीएनए परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं



### अजरबैजान की पहाड़ियों पर मिला हेलीकॉप्टर का मलबा

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा सुबह अजरबैजान की पहाड़ियों पर मिला। हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत नौ लोग सवार थे। रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर में यह हादसा हुआ। उनका हेलीकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

# एमडी परीक्षा में नकल कराते डॉक्टर समेत पांच गिरफ्तार




**देहरादून।** एम्स की ओर से ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एमडी परीक्षा (इंस्टीट्यूट आफ नेशनल इंर्पोटेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट जुलाई 2024) में नकल कराते पांच अभियुक्तों को दून पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परीक्षार्थियों को नकल कराने में एम्स ऋषिकेश के दो डाक्टर भी शामिल थे, जो दो-दो लाख रुपये में हायर किए गए थे। तीन अभ्यर्थियों से एमडी की परीक्षा पास कराने के एवज में 50 लाख रुपये लिए गए थे। एम्स की ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एमडी परीक्षा के दौरान नकल माफिया के सक्रिय होने और देहरादून से अन्य प्रांतों में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को नकल कराए जाने की गोपनीय सूचना पर एक सयुंक्त टीम का गठन किया गया था। टीम ने 19 मई को बैराज रोड से कार सवार पांच व्यक्तियों को एम्स की ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एमडी परीक्षा में कांगडा, हिमाचल के परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन एवं टैब के माध्यम से प्रश्न पत्रों के उत्तर उपलब्ध कराते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# केंद्र में हैट्रिक, ओडिशा में भाजपा का पहला सीएम



*कटक की रैली में लोगों का नरेंद्र मोदी के लिए दिखा प्रेम, मंच से भावुक हुए प्रधानमंत्री*

एजेंसी

**कटक।** ओडिशा के कटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जमकर प्रहार किए। रैली को संबोधित करने के दौरान पीएम मोदी की नजर अचानक भीड़ में खड़े उन लोगों पर पड़ती है, जो पेंटिंग और अन्य चीजें लेकर हाथ ऊपर करके खड़े थे। पीएम मोदी मंच से कहते हैं कि यह बहुत सारे लोग पेंटिंग या अन्य चीजें लेकर आए हैं। वह मंच से एसपीजी कमांडो से उनसे पेंटिंग और अन्य चीजें लेने के लिए कहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी उन सभी लोगों से अपने पेंटिंग के पीछे अपना नाम और पता लिखने के लिए कहते हैं। पीएम मोदी ने कहा, आपका उत्साह और आपका जोश ये दिखा रहा है कि 25 साल बाद ओडिशा में 10 जून को भाजपा का पहला सीएम शपथ लेगा, ये तय है और आपके आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी की सरकार दिल्ली में शपथ लेगी।

### पुरी में पीएम के रोड शो में उमड़े समर्थक

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के धार्मिक शहर पुरी में दो किलोमीटर का रोड शो किया। हेलीकॉप्टर से पुरी पहुंचने के बाद पीएम मोदी का काफिला सीधे श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। वहां दर्शन के बाद उन्होंने ग्रांड रोड पर रोड शो किया। पुरी से भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समल भी रोड शो के दौरान पीएम के साथ थे।

## आज का राशिफल

**मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।
शुभांक 5-6-7

**वृषभ** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।
शुभांक 6-7-9

**मिथुन** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।
शुभांक 5-7-8

**कर्क** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।
शुभांक 5-6-8

**सिंह** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।
शुभांक 3-5-7

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
शुभांक 3-6-8

**तुला** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
शुभांक 5-7-9

**वृश्चिक** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।
शुभांक 2-5-7

**धनु** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।
शुभांक 1-5-7

**मकर** — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।
शुभांक 1-2-6

**कुम्भ** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे।
शुभांक 2-6-8

**मीन** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।
शुभांक 2-4-9

# 263 करोड़ के टीडीएस घोटाले में एक और गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोनल कार्यालय ने 263 करोड़ रुपये के स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) घोटाले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने आरोपी को ईडी की हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें तानाजी मंडल अधिकारी, भूषण पाटिल और राजेश शेट्टी शामिल हैं। चौथे आरोपी की पहचान राजेश बृजलाल बत्रेजा के रूप में हुई, जिसे 16 मई को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा कि बत्रेजा ने 55.5 करोड़ रुपये के अपराध की आय (पीओसी) के एक हिस्से को भारत के बाहर भेजने और दुबई से निवेश की आड़ में पीओसी के एक हिस्से को भारत में दो संस्थाओं में राउंड-ट्रिप करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वित्तीय जांच एजेंसी ने धोखाधड़ी से आयकर विभाग का 263.95 करोड़ रुपये टीडीएस रिफंड जारी करने के लिए तानाजी मंडल अधिकारी और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1986 की विभिन्न धाराओं के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। एजेंसी ने एक बयान में कहा, ईडी की जांच से पता चला है कि बत्रेजा ने अधिकारी को 55.5 करोड़ रुपये के पीओसी को तीन शेल कंपनियों में ट्रांसफर करने में मदद की, ताकि इसे हवाला चैनल के जरिए भारत के बाहर भेजने के लिए नकदी में बदला जा सके।

# प्रधानमंत्री प्रचंड को चौथी बार मिला बहुमत

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने संसद से चौथी बार विश्वास का मत हासिल किया है। विपक्षी दलों के हंगामें और नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड ने विश्वास का मत हासिल किया है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने मत विभाजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। प्रधानमंत्री के पक्ष में 157 सांसदों ने मतदान किया।

मतदान की प्रक्रिया में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया था। एक सांसद तटस्थ रहा, जबकि विपक्षी दलों में नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने मतदान प्रकिया का बहिष्कार किया।



*विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने मत विभाजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई*

# केजरीवाल को कुछ भी हुआ तो पीएम होंगे दोषी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने चुनाव आयोग को ईमेल के जरिए एक शिकायत भेजी है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी इस शिकायत को लेकर चुनाव आयोग जाएगी। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताया है। सौरभ भारद्वाज ने यह भी कहा है कि अगर अरविंद केजरीवाल को कुछ होता है तो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि अरविंद केजरीवाल के नाम पर धमकी भरा संदेश लिखा गया है और उसकी फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर भी किया गया है। इसे लिखने वाले आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इसे शेयर किया है। यह धमकी भरा संदेश पटेल नगर मेट्रो स्टेशन और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर लिखा गया है।



*मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताया*

# तीन नए आपराधिक कानूनों पर सुनवाई से एससी का इंकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि ये याचिका ठीक नहीं है, इसे खारिज की जा सकती है। याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने कहा कि ऐसे में उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दी जाय। बेंच ने कहा, आपको जो करना है करो... यह याचिका बहुत ही लापरवाह तरीके से दायर की गई है। यदि आप इस पर बहस करते हैं, तो हम जुमार्ना लगा कर इसे खारिज कर देंगे। लेकिन, चूंकि आप इसे वापस ले रहे हैं, हम जुमार्ना नहीं लगा रहे।" आखिरकार याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली।



जनहित याचिका में कहा गया था कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कई विसंगतियां हैं। तीनों आपराधिक कानून बिना किसी संसदीय बहस के पारित किए गए, वो भी तब जब अधिकांश सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे।

## न्यूज बॉक्स

### तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, 17 की मौत, 10 घायल



**कवर्धा/रायपुर।** कवर्धा के कुकदूर थानांतर्गत ग्राम बाहपानी के पास सोमवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई। ये सभी तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद पिकअप में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें 17 ग्रामीणों की मौत हो गई, जिनमें 16 महिला और एक पुरुष शामिल है। पिकअप में कुल 25 लोग सवार थे। घायलों को पुलिस व ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गये हुए थे। दोपहर के वक्त तेंदुपत्ता तोड़ कर गांव की महिला और पुरुष पिकअप वाहन में सवार होकर वापस गांव की तरफ लौट रहे थे।

### लाई चिंग ते ने ली ताइवान के नये राष्ट्रपति की शपथ

**ताईपेई।** ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के लाई चिंग ते ने सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली और पदभार ग्रहण किया। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह और अन्य संबंधित कार्यक्रमों में 51 प्रतिनिधिमंडलों में पांच सौ से ज्यादा विदेश अतिथि शामिल हुए। ताइवान से राजनयिक संबंध रखने वाले आठ देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### डायग्नोस्टिक केंद्रों पर बीआरएस के निशाने पर कांग्रेस

**हैदराबाद ।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता तथा तेलंगाना के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में राज्य के डायग्नोस्टिक हब बंद होने की कगार पर पहुंच गये हैं। बीआरएस नेता ने दावा किया कि इन केंद्रों के कर्मचारियों को छह महीने से वेतन नहीं मिला है। बीआरएस सरकार ने 2021 में डायग्नोस्टिक केंद्रों की शुरूआत की थी।

### भारत सेवाश्रम संघ के संत ने सीएम ममता बनर्जी को भेजा कानूनी नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला स्थित भारत सेवाश्रम संघ से जुड़े संत कार्तिक महाराज ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कानूनी नोटिस भेजा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में एक जनसभा में कार्तिक महाराज का नाम लेते हुए उन पर लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए काम करने और मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया था।

## कोवैक्सिन रिपोर्ट / भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने बीएचयू के अध्ययन को किया खारिज

# गलत तरीके से संस्था के नाम का किया इस्तेमाल

*आईसीएमआर को उनके खिलाफ कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई क्यों नहीं करनी चाहिए*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के नेतृत्व में किये गये उस हालिया अध्ययन को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि कोवैक्सिन ने स्ट्रोक और गुइलिन-बैरे सिंड्रोम के दुर्लभ जोखिम को बढ़ाया है। आईसीएमआर ने न्यूजीलैंड स्थित ड्रग सेफ्टी जर्नल के संपादक को पत्र लिखा है कि वह बीएचयू के लेखकों द्वारा हाल ही में प्रकाशित कोवैक्सिन साइड इफेक्ट्स अध्ययन को वापस ले ले क्योंकि पेपर में शीर्ष अनुसंधान निकाय का नाम गलत और भ्रामक रूप से दिया गया है।

शीर्ष अनुसंधान निकाय ने पत्र में लिखा, आईसीएमआर इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और अनुसंधान के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। इसमें आगे कहा गया, इसके अलावा, आपने बिना किसी पूर्व मंजूरी या सूचना के कहा है कि आईसीएमआर ने अनुसंधान के लिए समर्थन दिया है, जो अनुचित और अस्वीकार्य है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने पत्र में कहा कि शीर्ष अनुसंधान निकाय को इस खराब तरीके से किये गये अध्ययन से नहीं जोड़ा जा सकता है, जिसका उद्देश्य कोवैक्सिन का सेफ्टी एनालिसिस गलत तरीके से प्रस्तुत करना है।



### सूचना हटाएं, शुद्धिपत्र प्रकाशित करें

डॉ. बहल ने अध्ययन के लेखकों और जर्नल के संपादक से आईसीएमआर की सूचना को हटाने और शुद्धि-पत्र प्रकाशित करने के लिए कहा है। डॉ. बहल ने लिखा, हमने यह भी देखा है कि आपने बिना अनुमति के इसी तरह के पिछले पेपरों में भी आईसीएमआर का नाम दिया है। उन्होंने अध्यन के लेखकों से स्पष्टीकरण भी मांगा कि आईसीएमआर को उनके खिलाफ कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई क्यों नहीं करनी चाहिए।









## चेन्नई सुपर किंग्स का अभियान समाप्त होने के बाद धोनी पहुंचे रांची



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज एम.एस. बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नॉकआउट में हारने के बाद धोनी रविवार को टूर्नामेंट में अपना अभियान समाप्त कर अपने घर रांची पहुंच गए। 219 रनों का पीछा करते हुए सीएसके खराब शुरूआत से उबरने के बाद बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई थी। रचिन रवींद्र के 61 रन और रवींद्र जड़ेजा के नाबाद 42 रन भी गत चैंपियन को जितवा नहीं पाए। लीग चरण में आरसीबी के समान 14 अंकों के साथ अभियान समाप्त करने के बावजूद, सीएसके खराब नेट रन रेट के कारण आगे नहीं जा सकी। सीएसके द्वारा आईपीएल में अपना अभियान समाप्त करने के साथ, प्रशंसकों और विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यह फ्रेंचाइजी के लिए धोनी का अंतिम सीजन हो सकता है, लेकिन धोनी ने इस पर अब तक कोई बात नहीं की है। वह मैच के बाद घर वापस चले गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में धोनी को रविवार दोपहर को रांची हवाई अड्डे के बाहर अपनी कार में बैठे देखा गया।

## जय शाह ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र में बीसीसीआई के प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने भारत के उत्तर-पूर्व हिस्से में बोर्ड की आगामी अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखी, जो क्षेत्र के छह राज्यों को उन्नत बुनियादी ढांचे के माध्यम से अपने खिलाड़ियों के खेल को बढ़ाने में मदद करेगा। शाह ने कहा कि उत्तर-पूर्व भारत के छह राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम को साल भर के प्रशिक्षण विकल्पों के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर से लाभ होगा। शाह ने ट्वीट किया, पूर्वोत्तर में बीसीसीआई की आगामी अत्याधुनिक इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं! छह राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम - के हमारे क्रिकेटरों को जल्द ही लाभ मिलेगा। मिजोरम में नए पवेलियन के लॉन्च के साथ, साल भर के प्रशिक्षण विकल्पों के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर, क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में बड़ा कदम है, आने वाला समय रोमांचक है।"अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम राज्यों को 2018-19 सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट परिदृश्य का हिस्सा बनाया गया था।

## विशेषज्ञ कोच के रूप में पापुआ न्यू गिनी से जुड़े वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर फिल सिमंस



**बोरोको।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय कोच फिल सिमंस आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले विशेषज्ञ कोच के रूप में पापुआ न्यू गिनी कोचिंग सेटअप में शामिल हो गए हैं। टी-20 विश्व कप कैरेबियन और यूएसए में 1 जून से शुरू हो रहा है। सिमंस, जिन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 160 से अधिक मैच खेले हैं, एक कोच के रूप में 2016 में भारत में वेस्टइंडीज को उनके दूसरे टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह 2004 और 2005 तक जिम्बाब्वे की पुरुष टीम के प्रभारी थे और हाल ही में उन्हें आयरलैंड और अफगानिस्तान का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा, सिमंस 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के मुख्य कोच थे। सिमंस ने कहा, यहां मेरी भूमिका एक सलाहकार कोच के रूप में है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक खिलाड़ी के रूप में, चौदह वर्षों तक और फिर एक अंतरराष्ट्रीय कोच के रूप में अठारह वर्षों तक, इस खेल में एक लंबा समय रहा है।

# आज KKR Vs SRH रनों की बारिश से होगा फैसला





क्वालीफायर 1

**एजेंसी। अहमदाबाद**

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।
लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है।
वैसे प्लेऑफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिए अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है।

### आईपीएल2024 प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल आया सामने

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ के लिए मंच तैयार है और चारों स्थान पक्के हो चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम थी, उसके बाद राजस्थान रॉयल्स का स्थान है, जो अच्छी शुरूआत के बाद खराब दौर से गुजर रही है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने भी इस सप्ताह की शुरूआत में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने खेल में एक अंक हासिल करने के बाद प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को नाटकीय ढंग से चौथा और अंतिम स्थान हासिल किया, जिससे मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की दौड़ से बाहर हो गई।

क्वालीफायर 1 : प्लेऑफ का पहला मैच दो बार की चैंपियन केकेआर और 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा।

तारीख : 21 मई, समयः शाम 7:30 बजे, स्थानः नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

एलिमिनेटर : अंक तालिका में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस दौरान आरसीबी का सामना एक बार की चैंपियन रह चुकी राजस्थान से होगा, जिसकी अगुआई संजू सैमसन कर रहे हैं।

तारीख : 22 मई, समयः शाम 7:30 बजे, स्थानः नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

क्वालीफायर 2 : क्वालीफायर एक में जीतने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी जबकि हारने वाली टीम को क्वालीफायर 2 के जरिए फाइनल में जाने का एक और मौका मिलेगा।

तारीख : 24 मई, समय : शाम 7:30 बजे, स्थान : चेपक।

### टी-20 सीरीज में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीम बनी हैदराबाद

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद रॉयल ने चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ते हुए एक ही टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई। हैदराबाद ने रविवार शाम पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 69वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

### यह कितना मजेदार था : फॉफ डु प्लेसिस



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत के साथ चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंतिम प्लेऑफ स्थान हासिल करने के लिए अपनी टीम की वापसी पर खुशी व्यक्त की, कहा ये बेहद मजेदार था।

## मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी पीवी सिंधू



**एजेंसी। कुआलालम्पुर**

ब्रेक से लौटी पी वी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले यहां मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करके अपना मनोबल ऊंचा करने के इरादे से उतरेगी।
पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। अब वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन करने का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है। ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई करीबी मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पधाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं। पिछली बार वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं। सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी।

### मैनचेस्टर सिटी ने रचा इतिहास, लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीता

मैनचेस्टर, 20 मई (हि.स.)। मैनचेस्टर सिटी ने रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड को 3-1 से हराकर लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। मैनचेस्टर सिटी ने मैच में आक्रामक शुरूआत की और केवल 79वें सेंकेड में ही फिल फोडेन ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 18वें मिनट में फोडेन ने जेरेमी डोकू के क्रॉस को गोल पोस्ट में डालकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हालाँकि, मोहम्मद कुदुस ने हाफटाइम से ठीक पहले (42वें मिनट) में गोल कर वेस्ट हैम का खाता खोल दिया। हाफ टाइम तक मैनचेस्टर सिटी 2-1 से आगे थी। मैच के 59वें मिनट में रोड्री ने गोल कर मैनचेस्टर सिटी को 3-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

### इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग का 5वां संस्करण 31 मई से

**मंगलूरु।** भारत में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग के शासी निकाय, सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने सोमवार को इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) के पांचवें संस्करण की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त, भारत की यह प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता 31 मई से 2 जून, 2024 तक कर्नाटक के मंगलूरु में ससिहिथलू समुद्र तट पर मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित की जाएगी। तीन दिवसीय सर्फिंग प्रतियोगिता में भारत के टॉप रैंक सर्फ़र प्रतिस्पर्धा करते दिखाई देंगे। कर्नाटक सरकार ने लगातार पांचवीं बार इस आयोजन को अपना समर्थन दिया है। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन और ग्रोम्स (अंडर-16) बॉयज एवम् ग्रोम्स (अंडर-16) गर्ल्स, में आयोजित होगी।

## दीप्ति जीवनजी ने 400 मीटर टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण





**कोबे।** भारतीय पैरा एथलीट 20 वर्षीय दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को यहां महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 55.07 सेकंड का समय लेकर अमेरिकी ब्रीना क्लार्क के 55.12 सेकंड के पहले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्रीनाने पिछले साल पेरिस में चैंपियनशिप के संस्करण के दौरान यह रिकॉर्ड बनाया था। टी20 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और इक्वाडोर की लिजानशेला अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले, दीप्ति ने रविवार को 56.18 सेकेंड के समय के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और पेरिस 2024 पैरालिंपिक कोटा हासिल किया था। रविवार को, योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो F56 फाइनल में सीजन के सर्वश्रेष्ठ 41.80 अंक के साथ रजत पदक जीता। तीसरे दिन, प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 फाइनल में कांस्य पदक जीता, जबकि निसाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में 1.99 मीटर के प्रभावशाली सीजन-सर्वश्रेष्ठ अंक के साथ रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में भारत ने अब तक चार पदक (1 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य) जीते हैं।

## एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में रोमानिया ने जीते 3 स्वर्ण पदक

**एजेंसी। जेरूसलम**

रोमानिया ने रविवार को गिवत राम स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में तीन स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में रोमानिया की मारिया मिहालचे 11.64 सेकंड के समय के साथ पहले स्थान पर रहीं, वह दूसरे स्थान पर रहीं इजराइल की अलीना डुटमैन से केवल दो-सौवें सेकंड से आगे रहीं। रोमानिया ने महिलाओं की ट्रिपल जंप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया, डायना आयन ने 14.07 मीटर की छलांग लगाकर लिथुआनिया की डोविल किल्टी से सिर्फ एक सेंटीमीटर आगे रहकर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया का तीसरा स्वर्ण महिलाओं की 2,000 मीटर स्टीपलचेज में आया, जिसमें स्टेला रुट्टो 6:14.76 मिनट के साथ पहले स्थान पर रहीं। यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन, इजराइल के ब्लेसिंग अफ्रीफा ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 20.47 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन योनाथन कपिटोलनिक ने 2.15 मीटर की दूरी तय करके ऊंची कूद प्रतियोगिता जीती।

JM JERUSALEM GRAND SLAM MEETING



## दस वर्षों में बैंकिंग व्यवस्था में हुआ बड़ा बदलाव

# पहली बार मुनाफा 3 लाख करोड़ के पार





**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बैंकिंग सेक्टर का मुनाफा पहली बार 3 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गया है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताते हुए कहा है कि पिछले 10 वर्षों में बैंकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और इससे गरीबों, किसानों और एमएसएमई को लोन मिलने में मदद हुई है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि पिछले 10 वर्षों में बैंकों की स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इसके कारण भारतीय बैंकों का मुनाफा बढ़कर पहली बार 3 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है।पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए लिखा कि जब हम सत्ता में आए थे तो यूपीए सरकार की फोन-बैंकिंग पॉलिसी के कारण बैंक बड़े नुकसान और अधिक एनपीए का सामना कर रहे थे। इसके कारण आम लोगों के लिए बैंकों के दरवाजे बंद थे। बैंकों की सेहत में सुधार होने का सीधा फायदा गरीब, किसान और मध्यम एवं लघु उद्योगों को होगा।बता दें कि वित्त वर्ष 2023-24 में सरकारी और निजी बैंक ने मिलकर 3.1 लाख करोड़ का मुनाफा दर्ज किया है। इस दौरान सरकारी बैंकों का मुनाफा सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख करोड़ हो गया है और निजी बैंकों का मुनाफा 42 प्रतिशत बढ़कर 1.7 लाख करोड़ पहुंच गया है। पिछले 10 वर्षों में सरकारी बैंकों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिले हैं। बैंकों की बैलेंस शीट मजबूत हुई। साथ ही नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

### 6.57 लाख की मारुति सुजुकी डिजायर ने की सभी की छुट्टी

**नई दिल्ली।** बीते अप्रैल की टॉप 10 सेडान कारों में हमेशा की तरह मारुति सुजुकी डिजायर पहले स्थान पर रही। 6.57 लाख रुपये की शुरूआती एक्स शोरूम प्राइस वाली इस फैमिली सेडान ने हुंडई मोटर इंडिया, होंडा, टाटा मोटर्स, स्कोडा, फॉक्सवैगन और टोयोटा जैसी कंपनियों के एंट्री लेवल कॉम्पैक्ट सेडान, मिडसाइज सेडान और प्रीमियम सेडान को पीछे छोड़ दिया। आइए, आपको बताते हैं कि पिछले महीने टॉप 10 में कौन-कौन सी सेडान कार रही और इन्हें कितने ग्राहक मिले। मारुति सुजुकी डिजायर को बीते अप्रैल में 15825 ग्राहकों ने खरीदा और यह 56 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ है।

### मारुति सुजुकी की इलेक्ट्रिक कार लांच में होगी देरी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी की इलेक्ट्रिक कार लॉन्च में देरी की काफी सारी वजहें हो सकती हैं, जैसे कि सप्लाई चेन में बाधा, बुनियादी ढांचे की कमी, कीमत, ग्राहक धारणा और सरकारी नीतियां। हालांकि, मारुति सुजुकी ने अभी तक अपनी ईवी लॉन्च में देरी के लिए कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है और इस कंपनी ने पिछले साल मोबिलिटी शो में भी ईवीएक्स इलेक्ट्रिक एसयूवी को शोकेस किया था। पहले कहा जा रहा था कि साल 2024 में मारुति सुजुकी ईवीएक्स लॉन्च हो सकती है, लेकिन अब माना जा रहा है कि साल 2025 में मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार भारत में लॉन्च होगी।

## वियतनाम में भारतीयों के लिए विशेष छूट

# एक हफ्ते तक सभी क्लास के टिकट पर 50 %डिस्काउंट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस समय भारतीय सैलानियों के लिए वियतनाम टॉप फॉरेन डेस्टिनेशन बन कर उभरा है। तभी तो वहां घूमने वाले भारतीयों की संख्या में 248 फीसदी की तगड़ी बढ़ोतरी हुई है। आप भी यदि वियतनाम घूमना चाहते हैं तो आपको आधी कीमत में हवाई जहाज का टिकट पाने का मौका है। जी हां, वियतनाम की बजट एयरलाइन वियतजेट ने भारतीयों के लिए एक विशेष प्रोमोशन प्रोग्राम की घोषणा की है। इसमें भारत और वियतनाम के बीच सभी शहरों की फ्लाइट्स पर सभी क्लासेज में 50 फीसदी का डिस्काउंट मिलेगा। डिस्काउंट की शुरूआत आत से हो गई है। इसका लाभ एक सप्ताह तक ले सकते हैं।

**क्या है योजना**

वियतजेट की तरफ से यहां जारी एक बयान के मुताबिक उसने भारतीयों के लिए एक हफ्ते के लिये खास प्रमोशन की घोषणा की है। इसमें यात्रियों को भारत और वियतनाम के बीच बिजनेस, स्कायबॉस, डीलक्स और इको- इन सभी क्लासेस पर 50% का बेमिसाल डिस्काउंट मिलेगा। इस ऑफर में टैक्स और शुल्क शामिल नहीं है। यह ऑफर 20 मई से 27 मई, 2024 तक के लिये वैध है। इन तारीखों के बीच ग्राहकों को 20 मई से 30 सितंबर, 2024 तक की तारीखों के लिए टिकट बुक कराना होगा। इसके अलावा, ग्राहक 25 मई, 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय लग्जरी ब्राण्ड्स की ऑनलाइन ड्यूटी-फ्री चीजों पर 50% डिस्काउंट का आनंद उठा सकते हैं। ग्राहक इन दोनों प्रमोशन का फायदा या वियतजेट एयर मोबाइल ऐप पर जाकर ले सकते हैं।

**लक्की ड्रॉ में भाग लेने का मौका**

इतना ही नहीं, एयरलाइन एक रोमांचक लक?की ड्रॉ पेश कर रही है, जिसमें कुल 1,96,90,174 रुपए (6 बिलियन ) के इनाम शामिल किए गए हैं। भाग्यशाली विजेताओं को स्काय गोल्ड के मेबरशिप पास जीतने का मौका मिलेगा, जिन्हें 12 फ्लाइट टिकट, 32814 रुपये (10 मिलियन वियतनाम डोंग) के टिकट वाउचर्स और पसंदीदा ब्राण्ड्स के अनेकों उपहारों के लिये रिडीम किया जा सकता है।

# गूगल पे में बिना डेबिट कार्ड के कर सकते हैं यूपीआई पिन को अपडेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आधुनिक जीवनशैली में डिजिटल पेमेंट का महत्व बढ़ता जा रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग, बिल भुगतान और अन्य सेवाओं के लिए लोग अब अपने स्मार्टफोन का सहारा लेते हैं। इसके एक बड़े कारण है डिजिटल पेमेंट ऐप्स की सुविधा और सुरक्षा, जिसमें गूगल पे एक प्रमुख नाम है। यह एक ऐसा ऐप है जो उपयोगकताओं को बिना डेबिट कार्ड के भुगतान करने की सुविधा प्रदान करता है। लेकिन कभी-कभी यूपीआई पिन को बदलने की आवश्यकता होती है। यहां हम आपको बताएंगे कि गूगल पे के डेबिट कार्ड के बिना यूपीआई पिन कैसे बदलें।

### गूगल पे : यूपीआई पिन कैसे बदलें?

1 गूगल पे ऐप खोलें

2 सबसे पहले अपने स्मार्टफोन में गूगल पे ऐप को खोलें।

3 मेनू विकल्प पर क्लिक करें

4 ऐप खोलने के बाद, आपको उपरोक्त मेनू विकल्प दिखाई देगा। वहां से सेटिंग्स पर क्लिक करें।

5 कार्ड और बैंकिंग प्रोफाइल चुनें

6 सेटिंग्स में जाने के बाद, आपको कार्ड और बैंकिंग के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा।

7 यूपीआई पिन बदलें

8 कार्ड और बैंकिंग में जाने के बाद, आपको अपने डेबिट कार्ड के नाम के नीचे एक यूपीआई पिन विकल्प दिखेगा।

9 नया पिन दर्ज करें

8 अब आपको अपने नए यूपीआई पिन को दर्ज करना होगा।

11 सुरक्षा के लिए पुष्टि करें

12 पिन बदलने के बाद, गूगल पे आपसे अपने ऐप पिन की पुष्टि करने के लिए पूछेगा। अपने ऐप पिन को दर्ज करें और जमा करें पर क्लिक करें।

**धन्यवाद! अब आपने सफलतापूर्वक अपने गूगल पे खाते के यूपीआई पिन को बदल लिया है।**

**नोट : यदि आपका बैंक या वित्तीय संस्था यूपीआई पिन बदलने के लिए किसी अन्य प्रक्रिया का अनुसरण करता है, तो आपको उसे भी पूरा करना हो सकता है। उस प्रक्रिया को गूगल पे में उपयोग करने के लिए अपने बैंक या वित्तीय संस्था की वेबसाइट पर जांचें। इस प्रकार, गूगल पे के डेबिट कार्ड के बिना यूपीआई पिन बदलना एक सरल प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करता है कि आपके खाते की सुरक्षा बनी रहे और आप अपने डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित रूप से कर सकें।**



# बूथ बदले जाने से नाराज ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार, नहीं पड़ा एक भी वोट

*घंटों समझाने के बाद भी नहीं माने मतदाता अधिकारी के प्रति लोगों में दिखा आक्रोश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी/ पलामू।** बूथ बदले जाने से नाराज ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार कर दिया। यह वोट बहिष्कार चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा अंतर्गत पांकी प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हुरलौंग पंचायत के गोगाड़ के बूथ संख्या 225 से जुड़े मतदाताओं ने किया है। इस बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़े। मतदाता गोगाड़ मध्य विद्यालय बूथ 225 पर मतदान करने आए थे, मगर प्रशासन ने गोगाड़ बूथ को हुरलौंग राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रिलोकेट कर दिया था। जिससे गोगाड़ के मतदाता हुरलौंग जाकर वोट देने से साफ इंकार कर दिया। मतदाताओं द्वारा वोट बहिष्कार किए जाने की खबर मिलने के बाद अधिकारियों का टीम गोगाड़ पहुंची और मतदाताओं को समझाने का प्रयास किया, मगर मतदाताओं ने अधिकारियों की बात नहीं मानी। मतदाताओं का कहना था कि आखिर बूथ क्यों बदला गया। वोट देने दूसरे गांव नहीं जाएंगे। गांव के बूथ पर वोट होगा तो यहां के मतदाता वोट करेंगे, वरना वोट देने दूसरी जगह नहीं जाएंगे। मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, पांकी बीडीओ अरुण कुमार मुंडा समेत जिले के कई बड़े अधिकारी मतदाताओं को समझाने में जुटे रहे, मगर मगर मतदाताओं ने अधिकारियों की एक न सुनी। मतदाता अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। आखिरकार अधिकारी मतदाताओं को समझाए बैगर ही वापस लौट गई। गांव के हंसराज सिंह, अशोक सिंह, पंकज सिंह, सुरेश यादव, योगेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, रमेश सिंह, आलोक कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि लोगों ने बताया कि बूथ बदले जाने से नाराज मतदाताओं ने वोट बहिष्कार कर दिया है। गोगाड़ बूथ 225 में 650 से अधिक मतदाता हैं। सभी मतदाता इसी बूथ पर कई दशकों से मतदान करते आ रहे हैं।




## प्रशासन पर लगा मतदाताओं पर दबाव देने का आरोप

गोगाड़ गांव के मतदाताओं ने जिला प्रशासन पर दबाव देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, पांकी बीडीओ अरुण कुमार मुंडा आदि अधिकारी मतदाताओं को गलत केस में फंसाने की धमकी देते हुए दूसरे गांव में जाकर वोट देने के लिए दबाव बनाने का प्रयास किये। यहां के मतदाता जब वोट बहिष्कार कर दिया तो प्रशासन के द्वारा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, जल सहिया, बीएलओ, शिक्षक पर वोट कराने के लिए दबाव डाला गया।

### क्या कहा ग्रामीणों ने

ग्रामीणों का कहना है कि गोगाड़ बूथ पर वोट के समय में कभी कोई परेशानी नहीं हुई है। इसके बावजूद अधिकारी कार्यालय में बैठे-बैठे गलत रिपोर्ट बनाकर भेज देते हैं। जिससे यहां के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मतदाताओं का कहना था कि 1990 से लगातार गोगाड़ बूथ पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान होते आया है। कभी कोई गड़बड़ी नहीं हुई।

### इन बूथों को बदला गया था

बता दें कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा में जिला प्रशासन ने नौ बूथ को बदल दिया गया है। बूथ नंबर 35-उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय अपटी को 34 न्यू प्राथमिक विद्यालय मिटार (सोहे में स्थित) में रिलोकेट किया गया है। इसी तरह 203- राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहरा को 202- उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालमदीरी में रिलोकेट किया गया है। वहीं 204 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बघमरी जीरो बूथ को बदलकर 202 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालमदीरी में बनाया गया है। इसी तरह बूथ 207 राजकीय मध्य विद्यालय होटाई को बदलकर 209 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनई में रिलोकेट किया गया है। वहीं 208 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवरदह को बदलकर 209 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनई में रिलोकेट किया गया है। बूथ 225 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोगाड़ को 223 राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय हुरलौंग,पूर्वी भाग में रिलोकेट किया गया है। बूथ 321 उत्क्रमित मध्य विद्यालय आबून को 322 उत्क्रमित मध्य विद्यालय जांजो में रिलोकेट किया गया है। बूथ 323 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरिहारा को 324 उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है। इसी तरह 326 उत्क्रमित मध्य विद्यालय केकरगढ़ को 324 उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है।

### क्या कहते हैं सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी

मेदिनीनगर के सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि पांकी के गोगाड़ गांव के लोगों के द्वारा वोट बहिष्कार करने की सूचना के बाद प्रशानक की टीम गांव पंहुची और मतदाताओं को समझाने का प्रयास किया। मगर गांव के कुछ लोग भोले-भाले जनता को बरगला कर उन्हें वोट न देने के लिए भड़काये हैं। जिससे लोग वोट देने घर से नहीं निकले। प्रशासन वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगा। मतदाताओं को वोट देने के लिए कोई दबाव नहीं दिया गया है, बल्कि उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से समझाने का प्रयास किया गया।

## एक नजर

### युवती ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत चनकार कस्तूरी गांव के टोला नोनियाडीह में बीती रात्रि 19 वर्षीय काजल कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों सौंप दिया। इस पुलिस घटना की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है। वहीं युवती के दादा दीपन चौहान ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहता था। वह मंदबुद्धि थी।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान संतुलन बिगड़कर गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मेदिनीनगर के जेलहाता, सर्वोदय नगर निवासी कृष्णा प्रसाद (47) पिता स्व। काशीनाथ प्रसाद है। कृष्णा प्रसाद बस स्टैंड स्थित काशी जेनरल स्टोर नामक दुकान चलाते थे। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह पलामू एक्सप्रेस से उतरने के क्रम में उनका संतुलन बिगड़ गया और झटके से नीचे गिर गए। उनके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आयी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ पटना से इलाज कराकर लौट रहे थे।

### अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में एक अज्ञात शव के बरामद होने से सनसनी फैल गयी। दरअसल शहर के रेलवे स्टेशन रोड में उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम से मतदान कर कई लोग लौट रहे थे। लोगों ने आश्रम स्कूल के पीछे एक चहारदिवारी के पास खजूर पेड़ के नीचे अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना निवर्तमान वार्ड पार्षद बेबी देवी को दी। बेबी देवी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्ट के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों के गुमशुदा लोगों की जानकारी ली जा रही है।

### दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में पांच युवक घायल

**विश्रामपुरछ।** पांडू मुख्य पथ स्थित बैठा चिमनी ईंट भट्ठा के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना रविवार रात नौ बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के कामता गांव निवासी धर्मेंद्र प्रसाद पांडू से मोटरसाइकल द्वारा अपने घर वापस आ रहे थे।इसी बीच विश्रामपुर से पांडू जा रहे एक मोटरसाइकल ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनो मोटरसाइकल सवार पांच लोग घायल हो गए।सभी घायलों को राजद नेता संजय उपाध्याय ने स्थानीय लोगों के सहयोग से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## 'रोड नहीं तो वोट नहीं' पर अड़े ग्रामीण डीसी की पहल पर देर से शुरू हुआ मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमात/लातेहार।** प्रखंड के चेताग पंचायत के सिमरसोत गांव के बूथ संख्या 104 में स्थानीय ग्रामीणों ने रोड व पुलिया नहीं तो वोट नहीं देने का निर्णय लिया था। सोमवार को मतदान के समय शुरू होने के घंटों बाद जब कोई वोटर मतदान केंद्र पर नहीं पहुंचे तो मतदान अधिकारियों ने इसकी सूचना जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह लातेहार की उपायुक्त गरिमा सिंह को दी। डीसी ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों को मतदान केंद्र पर भेजा और ग्रामीणों को विश्वास में लेकर वोटिंग शुरू कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी



सोमा उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय और चेताग पंचायत के मुखिया नरेश उरांव सिमरसोत स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया। उन्होंने जब बताया कि चुनाव के बाद डीएमएफटी फंड से सड़क और पुलिया निर्माण कराया जायेगा, तब ग्रामीण मतदान के लिए राजी हुए। करीब तीन घंटे विलंब से मतदान शुरू हो पाया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी सिमरसोत के ग्रामीण सड़क और पुलिया से वंचित हैं। मामूली बारिश में भी दोपहिया वाहन से भी चलना ग्रामीणों के लिए दुभर हो जाता है। सिमरसोत गांव बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से महज चार किलोमीटर की दूरी पर है। गांव की अधिकांश आबादी अनुसूचित जनजाति के गंझु व भोगता की है। बूथ संख्या 104 में आठ सौ से अधिक निबंधित मतदाता हैं। अधिकतर आबादी दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करती है।

## अपनी मांगों के समर्थन में पंचायत के सफाईकर्मियों ने की हड़ताल

*कार्यपालक अधिकारी के आश्वासन के बाद लौटे काम पर*

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर/ पलामू।** चिलचिलाती धूप और गर्मी की तपिश के बीच छतरपुर नगर पंचायत के सफाई कर्मी शिद्दत के साथ नगर को साफ करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अफसोस सफाई कर्मियों को मिलने वाली सुविधाएं नदारत है, मानदेय बढ़ाने सहित कई मुद्दों को लेकर सफाईकर्मियों ने नगर में हड़ताल कर दिया है, जिसके कारण नगर की सफाई कार्य बाधित हो गई है। इसकी सूचना मिलने के बाद समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने सफाई कर्मियों को अपना समर्थन दिया और उनकी मांगों को पूरा करने का आग्रह नगर के कार्यपालक अधिकारी से किया। नगर पंचायत कार्यालय में समाजसेवी अरविंद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में कार्यपालक अधिकारी ने आश्वस्त किया की आचार संहिता समाप्त होने के बाद जून में सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जाएगा साथ ही साथ उन्हें अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी। सभी सफाई कर्मियों ने अपने मांगों के समर्थन में एक आवेदन भी कार्यपालक अधिकारी को दिया। सफाई कर्मियों का कहना था कि उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाला इफ/पीएफ और बीमा का लाभ नहीं दिया जा रहा है नहीं उन्हें ड्रेस दिया जा रहा है जो दिया भी गया है वह फट चुका है।

## लोकतंत्र के महापर्व में युवा वोटरों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** चतरा लोकसभा का चुनाव पांचवा चरण का पांकी प्रखंड में सोमवार को शांति पूर्ण हुआ संपन्न। मतदाताओं ने सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपना मतदान किया, मतदान करने के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया, इसी बीच पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने अपने पैतृक गांव पर अपने परिवार के साथ किया मतदान, वही पांकी पूर्वी के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने भी अपने पैतृक गांव पर किया मतदान। इधर पांकी प्रखंड के नवडीहा वन पंचायत के नवडीहा गांव के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 312, 313



और 315 में सुबह से ही मतदाताओं को लगी रही लंबी कतार, मतदाता सुबह 7:00 बजे से चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वृद्धि मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं ने भी मतदान किया, नवडीहा वन पंचायत के मतदान केंद्र पर धूप से बचाव के लिए टेंट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मतदाताओं को चिलचिलाती धूप में खड़े रहकर अपना मताधिकार का प्रयोग करना पड़ा।

## ऋतविका पांडेय ने पलामू का नाम राष्ट्रीय फलक पर रोशन किया

*सुनियोजित तरीके से पढ़ाई करने के कारण मिली सफलता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन फॉरेस्ट सर्विस एग्जाम 2023 के फाइनल में प्रथम रैंक लाकर ऋतविका पांडेय ने पलामू का नाम राष्ट्रीय फलक पर रौशन किया है। गढ़वा के कुंडी गांव निवासी विजय पांडेय की पुत्री ऋतविका पांडेय का मानना है कि अगर ईमानदारी पूर्वक 10-12 घंटा पढ़ा जाये तो कोई भी परीक्षा पास किया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताया कि वे प्रतिदिन गोल फिक्स कर पढ़ाई करती थी। एक बार में एक महीना का क्या पढ़ना है, कैसे पढ़ना है और कितने समय में पढ़ना है सबकुछ तय कर सुनियोजित तरीके से उसे प्राप्त करने की कोशिश करती थी। जिसकारण उन्हें यह सफलता मिली। ऋतविका बताती हैं कि वे सकारात्मक तरीके से बात करने वाले दो-चार दोस्त व सीनियर के संपर्क में रहा करती थी। उनके नोट्स का अध्ययन कर अपना नोट्स बनाती थी और पढ़ाई करती थी। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करनेवाली ऋतविका दिल्ली इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल एंड इलोट्रोनिक्स से पास करने के बाद यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी में जूट गयी थी। सेकेंड एटैंप में यूपीएससी की इंडियन फॉरेस्ट सर्विस एग्जाम में उच्चतम अंक लाकर सफलता हासिल कर ली। एक सवाल के जवाब में वे कहती हैं- पढ़ाई के लिए माहौल जरूरी है। मन को एकाग्रचित करने के लिए पूजा पाठ या योग किया जा सकता है। वे बताती हैं कि वे एकाग्र होने के लिए पूजा पाठ बजरंग वाण का नियमित पाठ करती रही हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए ऑलाइन मेटेरियल का भी लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि झारखंड कैडर मिलेगा।

## बढ़ती गर्मी में पलामू टाइगर रिजर्व ने की पानी की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पानी के व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त किया है। बेतला नेशनल पार्क में केवल एक टैंकर से करीब 40 के आसपास पानी के स्रोतों को भर जाता था लेकिन इस बढ़ती गर्मी को देखते हुए बेतला नेशनल पार्क में एक टैंकर को और जोड़ा गया है। इस तरह से बेतला नेशनल पार्क में पानी के टैंकरों की संख्या 2 हो गई प्रत्येक टैंकर में एक समय में 3000 लीटर पानी आता है। बेतला नेशनल पार्क के यह दोनों टैंकर अपने पार्क के किनारे के एक गहरी कुआ से पानी लिया करते हैं इस कुएं की विशेषता यह रही है कि यह प्रचंड गर्मी में भी कभी नहीं सूखता और पानी का सत्तह काफी ऊंचा रहता है। इस बात की पुष्टि पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने दी । जैना ने प्रेस को बताया कि गर्मी को देखते हुए बेतला नेशनल पार्क में जहां पहले से ही एक पानी का टैंकर था । अब




दो टैंकर कर दिए गए है। यानी एक साथ 6000 लीटर पानी पार्क के करीब 40 स्रोतों में भरे जा रहे हैं । इस पानी से वन्य जीवों को बहुत लाभ मिला है पक्षी से लेकर सांप और सांप से लेकर शाकाहारी और मांसाहारी जीव भी इन पानी के स्रोतों से लाभ उठा रहे हैं । पीके जैना ने प्रेस को यह भी बताया कि उत्तरी प्रमंडल में एक और भी रेंज है जिसका नाम कुटकू रेंज हैं । यह थोड़ा हटकर है और गढ़वा जिले से सटा हुआ है। कुटकु रेंज में भी वन्य प्राणी है यानी हिरण और चीतल देखे जाते हैं जंगली सूअर भी अच्छी खासी मात्रा में है भालू की भी उपस्थित कुटकी रेंज में देखी पाई गई है। अतः इन वन प्राणियों के लिए भी कुटकी रेंज को इस बार एक पानी का टैंकर दिया गया है। जिसकी क्षमता भी 3000 लीटर पर टैंकर है। यह पूछे जाने पर की क्या यह पानी केवल वन्य प्राणियों के पीने के लिए ही उपलब्ध हो रहा है या फिर बेतला नेशनल पार्क की हरी हरी घासो या कुटकू रेंज में जो हरियाली है उसे बचाने के लिए भी है। जैना प्रेस को बताया कि हम इन तीन टैंकरों से बेतला नेशनल पार्क और कुटकू रेंज में न केवल वन्य प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं बल्कि हरि घासो को भी बचाने के लिए प्रयास रत हैं । यह हरी घास यदि मर जाती है तो फिर शाकाहारी जानवरों को भोजन की कमी हो जाएगी ऐसी स्थिति में वन्य प्राणियों के पीने के पानी के साथ-साथ हरि घासो के टुकड़ों और हिसो को भी बचाने का अंतर प्रयास किया जा रहा है। मौसम विभाग के जानकारी के अनुसार पलामू और लातेहार जिले में मानसून का आगमन जून के दूसरे सप्ताह में उम्मीद की जा रही है। इस तरह से अभी भी 3 सप्ताह बचे हैं जिसमें पानी की किल्लत से निपटने और छुटकारा पाने के लिए पलामू टाइगर रिजर्व अनथक प्रयास कर रहा है।

### हैंडओवर नहीं हुआ डिग्री कॉलेज का भवन शुरू नहीं हुई पढ़ाई

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मुख्यालय में मात्र एक सरकारी महिला डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण पूरा हो जाने के बाद भी नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय ने इसे हैंडओवर नहीं लिया है। जिस कारण यहां के गरीब विद्यार्थियों को कम फीस पर उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सपना आज भी अधूरा है। हुसैनाबाद के एसडीओ पीयूष सिन्हा ने गत माह झरहा गांव स्थित सरकारी डिग्री कॉलेज भवन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक को जमकर फटकार लगाई थी। उन्होंने संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात भी कही थी। हुसैनाबाद के झरहा गांव में वर्ष 2017 में तत्कालीन सीएम रघुबर दास ने सरकारी डिग्री कॉलेज भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था।

## न्यूज बॉक्स

### दाता शाह के उर्स पर कव्वाली का हुआ शानदार मुकाबला



**हुसैनाबाद।** जपला हजरत दाता पीर बक्श शाह रहमतुल्लाह अलैय का दो दिवसीय उर्स सोमवार की सुबह संपन्न हो गया। इसके पूर्व हिन्दू-मुस्लिम समाज के लोगों ने मजार पर चादरपोशी और फातेहख्वानी की। इस मौके पर पलामू जिला जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह और उर्स कमेटी की ओर से ढोल बाजे के साथ शहर का भ्रमण करते हुये दाता शाह के मजार पर पहुंचकर चादरपोशी की और माथा टेककर क्षेत्र मे अमन चैन और तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स के दूसरे दिन लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा ।इस मौके पर उर्स कमेटी के संयोजक इब्राहिम सेठ के सौजन्य से कव्वाली कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी कानपुरी, और कव्वाला सबा रंगीली के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला हुआ। मंच का संचालन जाकिर अली उर्फ.राज अली ने किया। कव्वाली की शुरूआत दोनों कलाकारों ने दाता पीर बक्श की शान में कलाम,नात प्रस्तुत किया। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कवाल्ली प्रस्तुत कर लोगों को रात भर नींद के आगोश से दूर रखा।

### गरीब रथ ट्रेन के कोच में यात्रियों ने जमकर किया हंगामा

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बीती रात को ग्रीष्म एक्सप्रेस गरीब रथ ट्रेन के कोच की यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों का कहना था कि उनके कोच के एसी खराब हो गया है। यह ऐसी मुगलसराय रेलवे स्टेशन से ही खराब था। कुछ यात्रियों का कहना था कि इतनी गर्मी में हम लोग इतने महंगे टिकट कटवा कर ऐसी कोच में बैठे हैं और कोच का ऐसी नहीं चल रहा है तो हम लोग इतनी गर्मी में कैसे सफर करेंगे। ग्रीष्म एक्सप्रेस गरीब रथ ट्रेन दिल्ली से चलकर रात 11:45 में डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची। यात्रियों ने ग्रीष्म एक्सप्रेस गरीब रथ ट्रेन को कई बार चैन खींच कर रोक दिया आरपीएफ के आने के बाद स्थिति काबू में आई।

### बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बेलौदर मोड़ के समीप एनएच 98 पर रविवार की रात्रि तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से जगदीश चौधरी के 27 वर्षीय पुत्र साइकिल सवार दिलीप चौधरी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे आस-पास के लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बाहर रेफर कर दिया। जिसे औरंगाबाद ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दिलीप के गर्दन के नीचे फ्रैक्चर हो गया है। जबकि कान से रक्तस्त्राव भी हुआ है। परिजनों के अनुसार घटना के समय दिलीप विशुनपुर गांव से अपने घर अररुआ खुर्द लौट रहा था।

### कंकारी गांव के सूखे कुएं में तीन सियार के बच्चे गिरे मिले



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के कंकारी गांव में एक सूखे कुएं में तीन सियार के बच्चे के गिरने की खबर वन विभाग को मिली। दरअसल हुआ यूं की कल दोपहर को कुछ ग्रामीण कंकारी गांव में मौजूद एक सूखे हुए कुएं के पास से गुजर रहे थे तभी उन्होंने देखा की कुएं के अंदर सियार के तीन बच्चे गिरे हुए हैं सभी सियार के बच्चों की उम्र लगभग ढाई से 3 महीने के करीब बताई जा रही है। यह देखकर ग्रामीणों ने वन विभाग को तुरंत फोन करके पूरी घटना की जानकारी दी समय को ना गवाते हुए वनरक्षी आशुतोष तिवारी अपने अन्य वनकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों सियार के बच्चों को जाले और सीढीओ की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल की ओर सकुशल भेज दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि तीनों सियार स्वस्थ है इन्हें कुछ भी नहीं हुआ है। लोगों का यह भी कहना है। कि यह सभी बच्चे इतनी प्रचंड गर्मी मैं पानी की तलाश मैं जंगल की ओर से आए होंगे। जब भी इतनी गर्मी के कारण तालाब और पानी के अन्य स्त्रोत सुख पड़ जाते हैं। तब जंगली जानवरों को इस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## विधायक भानु प्रताप शाही ने पानी की सुविधा कराई उपलब्ध



**विशुनपुरा/गढवा।** ग्रामीणों की वर्षो का चिर परिचित मांग थी कि घटवरिया घाट के उपर पानी पीने दूर-दूर तक कोई सुविधा नहीं था, घाट पर पानी-पीने के लिए आते-जाते राहगीरों कों काफी दिक्कत होता था। यहां पर हर वर्ष 15 जनवरी कों बहुत ही आकर्षक मेला लगता है जिसमें भी पानी का बहुत समस्या होता है ' घटवरिया घाट कमेटी के लोग टेंकर से पानी लाते थे और मेले में आये हुये लोगों कों पानी पिलाते थे। घटवरिया घाट पर बने मंदिर में पूजा-अर्चना करने में भी काफी दिक्कत होता था ' घाट के नीचे पानी लाकर मंदिर में पूजा करना पड़ता था विधायक भानु प्रताप शाही के अथक प्रयास से इस सभी दिक्कतो से सभी जनताओ कों निजात मिलेगा। वही घटवरिया घाट के कमेटी के लोगों ने विधायक भानु प्रताप शाही कों आभार जताया है । आभार प्रगट करने वाले में से मंदिर अध्यक्ष राजबली चंद्रवंशी, सचिव जगदीश चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष हिरा शर्मा,संयोजक रविंद्र मिश्रा,कमेटी के सदस्य अजय यादव, प्रदीप सिंह,पृथ्वी शर्मा, शम्भू चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, छोटू चंद्रवंशी, धर्मदेव शर्मा, कर्मदेव शर्मा, बालकिशुन रजवार, महेंद्र शर्मा,नंदू साह,अनिल चंद्रवंशी,सुनील पासवन, अर्जुन विश्वकर्मा, श्याम सुन्दर बैठा, राजेंद्र सिंह, अरबिंद कुमार गुप्ता, शत्रुधन पासवान आदि लोगों ने आभार जताया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा,मण्डल अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, पंचायत संयोजक सुमंत मेहताआदि कई भाजपा नेता उपस्थित थे।




## बॉलीवुड सितारे, खिलाड़ियों और राजनेताओं ने डालें वोट

# उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुए लोग


रकुल प्रीत सिंह


मनोज बाजपेयी पत्नी शबाना रजा




उमंग का पर्व...
कर्तव्य बोध और
अपनी जिम्मेदारी

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई प्रमुख हस्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया , और अन्य लोगों से भी मतदान करने की अपील की।


सूर्य कुमार यादव


दीया मिर्चा अपनी मां के साथ...


कियारा आडवाणी


केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने लखनऊ में किया मतदान।


अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार स्मृति ईरानी वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली।


केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार, पीयूष गोयल ने भी किया मतदान।


धर्मेंद्र देओल


अनिल कपूर


मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके परिवार के सदस्यों ने मुंबई में लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में वोट डाला। वोट डालने के बाद उंगलियों पर लगी अमिट स्याही दिखाते।


हाजीपुर में मतदान करने आई दिव्यांग महिला को व्हीलचेयर पर वोट दिलाने ले जाते सुरक्षाकर्मी, वहीं सीतामढ़ी में भैंस पर चढ़कर मतदान करने पहुंचे पदारथ ठाकुर।


प्रियंका चतुर्वेदी

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com